36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-36 अंक-44 | रायपुर, मंगलवार 01 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com





## फर्स्ट कालम



### आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब

**आयोवा।** भारत के आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कनाडा के ब्रायन यांग को पुरुष एकल में हराकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम कर लिया। काउंसिल ब्लफ्स में रविवार को खेले गये मुकाबले में विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज ब्रायन यांग को 47 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया।

### ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में काम करें युवा डॉक्टर : मुर्मु

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने युवा डॉक्टरों से ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में समाज के उन वर्गों के लिए काम करने का आग्रह किया है जिन्हें चिकित्सा सेवाओं की सबसे ज्यादा जरूरत है। श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को गोरखपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पहले दीक्षांत समारोह में कहा कि इस संस्थान और अन्य एम्स की स्थापना देश के हर कोने में उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से की गई है।

### मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में आरोप प्रत्यारोप का ऐसा दौर चल रहा है जिसमें राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को भी घसीट लिया जाता है और यह भारतीय लोकतंत्र और संस्कृति से मेल नहीं खाता। श्री धनखड़ ने राजस्थान के जयपुर में राज्य के पूर्व विधायकों के संगठन राजस्थान प्रगतिशील मंच के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश का मौजूदा राजनीतिक परिवेश भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से भी मेल नहीं खाता है।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी सात जुलाई को रियो डि जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे। श्री मोदी दो जुलाई से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के विदेश सत्रों को संबोधित करेंगे।

### बोधगया मंदिर बौद्धों को सौंपने की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार के बोधगया मंदिर का नियंत्रण और प्रबंधन बौद्धों को सौंपने का निर्देश देने की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने सुलेखाताई नलिनिताई नारायणराव कुंभारे की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

### सर्बिया में राष्ट्रपति के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन, हजारों लोगों ने सड़कें ब्लॉक कीं

**बेलग्रेड।** सर्बिया में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के इस्तीफे और तुरंत चुनावों की मांग को लेकर कई शहरों में प्रदर्शन ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है। रविवार रात से आज सुबह तक हजारों प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बेलग्रेड और अन्य शहरों में सड़कें जाम कर दीं। प्रदर्शनकारियों ने बेलग्रेड में कई जगहों पर लोहे की बाड़ और कचरे के कंटेनर से सड़कों को ब्लॉक कर दिया। सावा नदी पर बने पुल पर भी गाड़ियों की आवाजाही रोक दी गई। नोवी सैड में प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पोपुलिस्ट सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी के ऑफिस पर अंडे फेंके।

**हादसा : 4 शव बरामद किए गए, ब्लास्ट के वक्त फैक्ट्री 150 लोग मौजूद थे**

# तेलंगाना : केमिकल फैक्ट्री में धमाका 12 मजदूरों की मौत और 34 घायल

**संगारेड्डी/हैदराबाद (ए)।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ।

राज्य के श्रम मंत्री जी. विवेक वेंकटस्वामी ने कहा कि अबतक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। आईजी वी. सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ, डीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं। ब्लास्ट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की संभावना जताई गई है। इधर, पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए ब्लास्ट की घटना पर दुख जताया। पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की।

**धमाके से कई मीटर दूर जा गिरे मजदूर :** एक मजदूर ने बताया कि मैं सुबह 7 बजे नाइट शिफ्ट पूरी करके बाहर निकला था। सुबह की शिफ्ट का स्टाफ अंदर आ चुका था। धमाका करीब करीब 8 बजे हुआ। शिफ्ट में मोबाइल जमा हो जाता है, इस वजह अंदर काम कर रहे लोगों की कोई खबर नहीं मिल पाई। एक मजदूर की महिला परिजन ने बताया कि उनके परिवार के चार लोग फैक्ट्री में काम करते हैं। इनमें उनका बेटा, दामाद, जेठ और देवर शामिल हैं। इनमें से तीन सुबह की शिफ्ट में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है। कंपनी के एक कर्मचारी ने बताया कि अधिकतर मजदूर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। एक शिफ्ट में 60 से ज्यादा मजदूर और 40 अन्य लोगों का स्टाफ काम करता है।

**65 देशों में एक्सपोर्ट होते हैं कंपनी के प्रोडक्ट :** सिगाची इंडस्ट्रीज फार्मास्यूटिकल पाउडर बनाती है। यह साल 1989 से माइक्रोक्रिस्टलाइन सेलुलोज (एमसीसी) बना रही है। यह सफेद रंग का पाउडर होता है। इसमें कोई गंध या स्वाद नहीं होता है। एमसीसी का उपयोग दवा और कॉस्मेटिक इंडस्ट्री में किया जाता है। सिगाची इंडस्ट्रीज की हैदराबाद समेत पूरे देश में पांच फैक्ट्रियां हैं। कंपनी के प्रोडक्ट 65 से ज्यादा देशों में एक्सपोर्ट किए जाते हैं।



### पीएम मोदी ने जताया दुःख , दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना की एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में लोगों के हताहत होने पर गहरा दुःख प्रकट किया है और इस हादसे में मारे गये प्रत्येक व्यक्ति के निकट संबंधी को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,÷ तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फ़ैक्ट्री में आग लगने की दुखद घटना में जानमाल के नुकसान से दुखी हूँ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सिगाची इंडस्ट्रीज के शेयर में 9.89त्न की गिरावट आई।

**मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई फैसले**

# दलहन-तिलहन-मक्का उगाने वाले किसानों को बोनस, पेंशनरों के लिए पेंशन फंड

- छत्तीसगढ़ को लॉजिस्टिक हब बनाने की मंजूरी
- छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड का गठन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी बोनस यानी आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। बैठक में पेंशनरों के लिए पेंशन फंड गठन का निर्णय लिया गया। इसके अलावा वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में कर्मचारियों के प्रमोशन की न्यूनतम सेवा में छूट दी गई। बैठक में छत्तीसगढ़ को लॉजिस्टिक हब बनाने को भी मंजूरी दी गई।

प्रदेश कैबिनेट ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत कर दिया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा। खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भविष्य में सेवानिवृत्ति के समय पेंशन भुगतान संबंधी दायित्वों के बेहतर वित्तीय प्रबंधन हेतु छत्तीसगढ़ पेंशन फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

**छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड का गठन :** मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक विकास एवं राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

(शेष पेज-4 पर)।

### रिडेव्हलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं की स्वीकृति

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के विभिन्न विभागों/निगम/मण्डल/कम्पनी/बोर्ड के पूर्व निर्मित एवं जर्जर भवनों तथा इनके स्वामित्व की अनुपयोगी शासकीय भूमि के व्यवस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेव्हलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें शांति नगर रायपुर, बीटीआई शंकर नगर रायपुर, कैलाश नगर राजनांदगांव, चांदनी चौक फेस-2 जगदलपुर, सिविल लाइन कांकेर, क्लब पारा महासमुंद, कटघोरा कोरबा शामिल हैं।

### प्रमोशन की न्यूनतम सेवा में छूट

मंत्रिपरिषद द्वारा वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के अंतर्गत उच्च श्रेणी पंजीयन लिपिक/रिकार्ड कीपर से तृतीय श्रेणी कार्यपालिक, उप पंजीयक के पद पर पदोन्नति के लिए विहित 05 वर्ष की न्यूनतम अर्हकारी सेवा को केवल एक बार के लिए न्यूनतम अर्हकारी सेवा 02 वर्ष निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

## अमिताभ जैन बने रहेंगे छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव

**अरुण साव बोले-3 महीने कार्यकाल बढ़ाया गया**

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन अभी रिटायर नहीं होंगे, बल्कि वह अपने पद पर बने रहेंगे। साय सरकार ने अमिताभ जैन को एक्सटेंशन दिया है। वह आगामी आदेश तक चीफ सेक्रेटरी के पद पर बने रहेंगे।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि राज्य सरकार ने फिलहाल अमिताभ जैन को बतौर मुख्य सचिव सेवाओं को आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। 3 महीने के लिए उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। उनके अनुभवों का लाभ



निश्चित रूप से शासन के कामकाज में मिलेगा। अमिताभ जैन अगर आज रिटायर होते तो सुब्रत साहू या मनोज पिंगुआ को छत्तीसगढ़ का 13वां मुख्य सचिव बनाया जा सकता था। हालांकि रेस में सबसे आगे सुब्रत साहू थे। वहीं मनोज पिंगुआ के नाम की भी चर्चा जोरों पर थी।

इसके साथ ही नए मंत्रियों को भी कैबिनेट में शामिल करने पर विचार चल रहा है। रविवार शाम को ष्ट्रू साय ने राज्यपाल रामेन डेका से मुलाकात की थी। हालांकि सीएम सचिवालय ने दोनों की तस्वीरें जारी कर जानकारी दी थी कि राज्य हित से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई है। मुख्य सचिव बनाए जाने में बड़ा नाम सुब्रत साहू का सामने आ रहा था। सुब्रत साहू छत्तीसगढ़ कैडर के 1992 बैच के आईएएस हैं। एक सर्वे ने सुब्रत साहू को देश के 50 प्रभावशाली आईएएस में शामिल किया था। मुख्य सचिव बनाए जाने में दूसरे नंबर पर चॉइस सुब्रत हैं।

## तेलंगाना भाजपा विधायक टी. राजा ने पार्टी छोड़ी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी। टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ने केंद्री नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। तेलंगाना में भाजपा अध्यक्ष चुनाव के लिए आज नामांकन किया जा रहा है। रामचंदर ने समर्थकों के साथ नामांकन किया है। दूसरे किसी नेता ने अब तक नामांकन नहीं किया है। ऐसे में एक जुलाई को अध्यक्ष के तौर पर रामचंदर के नाम का ऐलान किए जाने की संभावना है।



# रेलवे के यात्री किराये बढ़े

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गयी है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।



रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गयी है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराये पर 15 रुपये बढ़ाये गये हैं। इन्हीं गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी और प्रथम श्रेणी के किरायों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। रेल मंत्रालय के वाणिज्यिक परिपत्र में कहा गया है कि तेजस राजधानी, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो, वंदे भारत, हमसफर, अमृत भारत, तेजस, महामना, गतिमान, अंत्योदय, गरीब रथ, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, गैर उपनगरीय पैसेंजर गाड़ियों, अनुभूति कोच एवं विस्टाडोम कोच आदि के मूल किराये नयी दरों के हिसाब से होंगे।

## पहाड़ी राज्यों में बारिश से तबाही हिमाचल में गाड़ियों के सामने दरका पहाड़ शिमला में 5 मंजिला बिल्डिंग गिरी

**बद्रीनाथ हाइवे पर जाम, उत्तरकाशी में 7 मजदूर लापता**

**नई दिल्ली (ए)।** देश के सभी राज्यों में मानसून पहुंच गया है। बीते 24 घंटे से पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। हिमाचल के सोनल में गाड़ियों के सामने पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा लैंडस्लाइड के बाद रोड पर आ गया। वहीं उत्तराखंड में लैंडस्लाइड के बाद बद्रीनाथ नेशनल हाइवे पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लगा है।



हिमाचल में बीते 48 घंटे से बारिश हो रही है। पिछले 10 दिन में 39 लोगों की मौत हुई है। बारिश के चलते कई जिलों में भूस्खलन और पानी भरने की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को राज्य में बारिश का रेड अलर्ट है। कई जगहों पर लैंडस्लाइड की आशंका है। शिमला के भट्ठाकुफर 5 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। बीती रात इमारत खाली कर दी गई थी। फोरलेन कटिंग की वजह से नींव कमजोर हो गई थी। अब बारिश के बाद मिट्टी धंसने से बिल्डिंग गिरी। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है। उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता 7 लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। उत्तराखंड के भारी बारिश के कारण रविवार को उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिलाई बैंड के पास एक होटल ढह गया। हादसे में 29 मजदूर लापता थे, जिनमें से 20 को बचा लिया गया है। 2 मजदूरों की मौत हुई है। 7 लापता की तलाश जारी है। उत्तराखंड के भारी बारिश के कारण रविवार को उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाइवे पर सिलाई बैंड के पास एक होटल ढह गया।

## कमजोर समुदाय के बच्चों के शिक्षा अधिकार को छीन रहा है भाजपा का विकास मॉडल : राहुल

**नई दिल्ली (ए)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को दलित, आदिवासी और पिछड़ा विरोधी करार देते हुए कहा है कि उसका विकास मॉडल इन वर्गों के बच्चों के शिक्षा के अधिकारों को छीनने वाला है इसीलिए भाजपा सरकार के आने के बाद 84 हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद किये गये हैं। श्री गांधी ने कहा, भाजपा का विकास मॉडल ग़रीबों से, खासकर दलितों, आदिवासियों और ओबीसी बच्चों से, शिक्षा का अधिकार छीनने वाला मॉडल है। उत्तर प्रदेश में 5,000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं। साल 2014 से अब तक देशभर में 84,441 सरकारी स्कूल बंद किए गए हैं जिनमें से अधिकांश तीन भाजपा शासित राज्यों, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और असम में बंद हुए हैं।



### जम्मू-कश्मीर में एलओसी से पाकिस्तानी आतंकियों का गाइड गिरफ्तार

**श्रीनगर (ए)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में केरी सेक्टर में रविवार को नियंत्रण रेखा के पास एक बड़ी घुसपैठ को सेना ने नाकाम कर दिया। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक पाकिस्तानी गाइड को पकड़ लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान 22 वर्षीय मोहम्मद आरिब अहमद के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के कोटली जिले के निकियाल इलाके के डेटोटे गांव का रहने वाला है।

### कोलकाता गैंगरेप की सीबीआई जांच कराने के लिए याचिका दायर, हफ्ते के आखिर में सुनवाई संभव

**कोलकाता।** कोलकाता गैंगरेप की सीबीआई जांच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका दायर हुई। इसमें सीबीआई को मामले की प्राइमरी जांच करके कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मुख्य आरोपी के राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी से जुड़े होने के चलते यह मांग की गई है। याचिका में पीड़ित को मुआवजा देने और सरकारी एजुकेशन इंस्टीट्यूट में लड़कियों की सुरक्षा के लिए सिविल वॉलेंटियर तैनात करने की भी मांग की गई है। इससे पहले दायर कुछ अन्य याचिकाओं में कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराने की मांग की गई है। इस हफ्ते के आखिर में इन याचिकाओं पर सुनवाई हो सकती है। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी यहीं का पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा (31) है। इसमें दो वर्तमान छात्र जैब अहमद (19), प्रमित मुखर्जी (20) और एक गार्ड पिनाकी (55) भी शामिल हैं।

**सुरक्षा** » **आपस में कनेक्ट रहेंगे, चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर निगरानी की तैयारी**

# 4 साल में एआई से लैस 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लांच किए जाएंगे

**नई दिल्ली (ए)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है। सरकार ने तय किया है कि 2029 (अगले 4 साल में) तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे।

सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी. ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' (एसबीएस-3) योजना बनाई है। इसके लिए 26,968 करोड़ का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी।

**इसरो और 3 निजी भारतीय कंपनियों की भागीदारी :** इस योजना के तहत इसरो 21 सैटेलाइट बनाएगा और लॉन्च करेगा, जबकि 31 सैटेलाइट्स तीन निजी भारतीय कंपनियां तैयार करेंगी। पहला सैटेलाइट अप्रैल 2026 तक लॉन्च किया जाएगा, लेकिन समय सीमा को और घटाने का प्रयास जारी हैं। ये सैटेलाइट्स लो-अर्थ ऑर्बिट और जियोस्टेशनरी ऑर्बिट में तैनात किए जाएंगे।




### एचएपीएस विमानों से भी बढ़ेगी ताकत

इसरो के सैटेलाइट्स के अलावा वायुसेना तीन हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म सिस्टम (एचएपीएस) विमान भी खरीदने की तैयारी में है। ये ड्रोन जैसे मानव रहित विमान होंगे जो लंबी अवधि तक ऊंचाई पर उड़कर निगरानी में मदद करेंगे। ये सैटेलाइट्स की निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद योजना को लागू करने में तेजी :** 7 से 10 मई 2025 के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ भारी सैन्य कार्रवाई की थी। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान देशी सैटेलाइट्स और कुछ विदेशी कॉमर्शियल डेटा का इस्तेमाल किया गया, लेकिन रियल टाइम ट्रैकिंग में कई खामियां उजागर हुईं। अधिकारी ने बताया, हमें अपने फैसलों की गति तेज करनी होगी।

# अवैध निर्माण और मुआवजे की मांग लेकर ग्रामीण पहुंचे जनदर्शन

### कृषकों ने ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने की मांग की, सिंचाई कार्य हो रही बाधित

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा।

जनदर्शन के दौरान डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 110 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम बोड़ेगांव के कृषकों ने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने आवेदन दिया। कृषकों ने बताया कि गांव में ननकट्ठी विद्युत मंडल के अंतर्गत 25 किलोवाट क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जो बढ़ते स्थायी और अस्थायी कनेक्शनों के कारण बार-बार खराब हो जाता है। इससे सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता 25 एचपी से बढ़ाकर 63 एचपी करने की मांग की है। इस संबंध में पूर्व में भी विद्युत विभाग को आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। कलेक्टर ने इस पर विद्युत विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खोपली के वार्ड क्रमांक 18 के निवासियों ने अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा गली पर अवैध निर्माण कर लिया गया है, जिससे गली की चौड़ाई 12 फीट से घटकर मात्र 3 फीट रह गई है। इसके चलते ट्रैक्टर और अन्य चार पहिया वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत द्वारा मना करने के बावजूद भी निर्माण कार्य किया गया, जिससे मोहल्लेवासियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही करने को कहा। वहीं ग्राम मातरोडीह के किसानों ने शिकायत की कि पावर ग्रिड कंपनी द्वारा गांव में टावर और विद्युत तारों का विस्तार किया गया है, जिससे उनकी जमीन प्रभावित हुई है। इसके बावजूद अब तक उन्हें मुआवजे की राशि प्राप्त नहीं हुई है। किसानों ने मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने एसडीओ दुर्ग को मामले की जांच कर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# बस स्टैंड का निरीक्षण कर यात्रियों से मिले कलेक्टर



समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज बेमेतरा के बस स्टैंड निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने बस यात्रियों से सीधे संवाद कर उनसे किराया, यात्रा अनुभव और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने यात्रियों से फीडबैक लेकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बस स्टैंड में पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, सुरक्षा और प्रकाश की व्यवस्था सुचारु रूप से हो। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जाए तथा नियमित रूप से स्वच्छता की निगरानी की जाए। उन्होंने मोहभट्ठा से निकलने वाले बाईपास का निरीक्षण किया। वह गार्डन भी देखा जिसका कुछ हिस्सा बायपास में जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि बस स्टैंड का उद्देश्य यात्रियों को आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन अनुभव देना है। उन्होंने बारिश के पानी निकासी पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष नगर पालिका श्री विजय सिन्हा, ने हाईटेक बस स्टैंड की बात की इसके लिए कुछ जगहों पर भी चर्चा की।

## ►► न्यूज़ ब्रीफ

### दुर्ग पुलिस ने चलाया वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान, 150 से अधिक वारंट किए गए तामिल



**दुर्ग।** जिला दुर्ग में लंबित स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियो पर तामिली हेतु दिनांक 29-30 जून की दरम्यानी रात्रि विशेष अभियान के तहत् जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों की पता साजी हेतु विशेष टीम गठित कर वारंटियों के सकुनत तथा संभावित जगहो पर दबिश दिया गया। अभियान के तहत् कुल 167 वारंट को दुर्ग पुलिस द्वारा तमिल किया गया। इस विशेष अभियान के तहत् वारंटियो का नाम सूचीबद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है। अभियान में जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियो की पतासाजी एवं धरपकड की गई है। उक्त कार्यवाही में वर्षो से फरार थाना वैशाली नगर के पुराने वारंटी को भी पकड़कर वारंट तामील किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 167 वारंट में से 112 स्थाई वारंट और 55 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई गई।

### सामान्य सभा की बैठक 9 जुलाई को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 09 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### जिला चिकित्सालय दुर्ग के अधिकारी और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**दुर्ग।** सोमवार को जिला चिकित्सालय दुर्ग में अधिकारी और कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ.हेमन्त कुमार साहू वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन, प्रवीण कुमार पाल वरिष्ठ लेखापाल, अनूप कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन, लक्ष्मी चंद मारकण्डेय वरिष्ठ ड्रेसर ग्रेड 1 इन चारों अधिकारी कर्मचारियों का जिला चिकित्सालय दुर्ग के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विदाई दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ मनोज दानी सीएमएचओ दुर्ग, डॉ.आर के मल्होत्रा प्रभारी सी.एस जिला चिकित्सालय दुर्ग वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, आर एम ओ डॉ. अखिलेश यादव, डॉ.दिव्या श्रीवास्तव जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. चुरेंद्र पैथोलाजिस्ट, डॉ. विनीता धुर्वे, अस्पताल कंसलटेंट डॉ.ओ पी वर्मा, मैट्रन सी आर वासनिक, विजय ताम्रकार जेडीएस सदस्य, ऋषि यादव जेडीएस सदस्य, श्रीमती रीना देवदास वरिष्ठ लेखापाल, विजय जॉन वरिष्ठ लेखापाल, जी पी उपाध्यक्ष बड़े बाबू, श्रीमती मंजू डे इंचार्ज सिस्टर, श्रीमती सैनी चेरियन ओ टी इंचार्ज सिस्टर, रमन गंधर्व एच ओ डी फार्मासिस्ट, योगेश चंद्राकर एन एच एम एकाउंटेंट, पुरुषोत्तम मार्कंडेय, आई डी चंद्राकर, रोशन सिंह सिनियर लैब टेक्नीशियन, श्रीमती अनिता यादव, लक्ष्मी चंद्र देवांगन, हिमांशु चंद्राकर , रमेश देवांगन, ओ पी यादव समस्त इंचार्ज सिस्टर, लैब टेक्नीशियन समस्त स्टाफ आदि उपस्थित थे।

### राजनांदगांव जिले में अब तक 482.7 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 482.7 मिमी बारिश एवं औसत 69 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 64.6 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 10.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 149.6 मिमी, घुमका तहसील में 113 मिमी, छुरिया तहसील में 37 मिमी, कुमरदा तहसील में 54.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 53.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राजनांदगांव तहसील में सर्वाधिक वर्षा अब तक 149.6 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 146.6 मिमी एवं औसत 20.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 15 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 4.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 44.6 मिमी, घुमका तहसील में 20.5 मिमी, छुरिया तहसील में 15.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# किसानों को तत्काल खाद बीज उपलब्ध कराने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता



**कुम्हारी।** खरीफफसल की बुवाई शुरू होते ही किसानों को खाद-बीज की अनुपलब्धता का सामना करना पड़ रहा है, जिसे लेकर ब्लॉक काँग्रेस कमेटी कुम्हारी ने सोमवार को सेवा सहकारी समिति पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम भिलाई-3 तहसीलदार पवन ठाकुर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों को तत्काल खाद-बीज उपलब्ध कराने और डीएपी खाद की जगह एनपीके खाद दिए जाने पर चिंता व्यक्त की गई है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों ने खरीफफसल की बुवाई शुरू कर दी है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं है। ज्ञापन में विशेष रूप से डीएपी खाद की अनुपलब्धता का जिक्र किया गया है और आरोप लगाया गया है कि इसके स्थान पर किसानों को एनपीके खाद दिया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि धान की फसल को फास्फोरस की अधिक आवश्यकता होती है और एनपीके खाद में फास्फोरस की मात्रा कम होती है, जिससे धान की पैदावार में तीस प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर षड्यंत्र पूर्वक डीएपी खाद को बंद कर किसानों को नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से खाद-बीज की अनुपलब्धता और कम पैदावार वाले खाद बांटे जाने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए डीएपी खाद और बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह राज्य स्तरीय एक बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने दावा किया कि किसी भी सोसाइटी में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं है और यह राज्य सरकार की मंशा है कि उन्होंने 21 क्विंटल धान लेने का निर्णय तो लिया है लेकिन अगर डीएपी खाद नहीं देंगे तो किसानों का उत्पादन 21 क्विंटल नहीं होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार अपने फायदे के लिए किसानों का नुकसान कर रही है। हालांकि, सेवा सहकारी समिति कुम्हारी के प्राधिकृत अधिकारी मनोज वर्मा का कहना है कि कुम्हारी सेवा सहकारी समिति में किसी भी खाद की कोई कमी नहीं है और उनके पास भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध है।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था में आया बड़ा सुधार 39 विद्यालयों को मिले विषय विशेषज्ञ शिक्षक

### दूरस्थ अंचलों के छात्रों को मिलने लगा लाभ


समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशभर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए गए युक्तियुक्तकरण अभियान के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्रियान्वित इस नीति ने कबीरधाम जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को नई दिशा दी है। दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में लंबे समय से विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही थी। अब यह समस्या युक्तियुक्तकरण के माध्यम से दूर हो गई है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के 39 शासकीय विद्यालयों में 43 विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिससे छात्रों को उनकी कक्षा और विषय के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। इस योजना के तहत गणित, विज्ञान, रसायन, भौतिकी, वाणिज्य, हिंदी, अंग्रेज़ी, संस्कृत, अर्थशास्त्र और जीवविज्ञान जैसे विषयों के लिए योग्य शिक्षकों की तैनाती की गई है। यह पहल न केवल शिक्षण व्यवस्था को संतुलित कर रही है, बल्कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा के समान अवसर भी प्रदान कर रही है। अब तक जिन विद्यालयों में एकल शिक्षक व्यवस्था के कारण विषय-विशेष की पढ़ाई बाधित थी, वहाँ अब विषय के लिए विशेषज्ञ शिक्षक उपलब्ध हैं। इससे न केवल छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आया है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। जिले में हिंदी, अंग्रेजी, भौतिकी, गणित, विज्ञान, रसायन, अर्थशास्त्र और वाणिज्य विषय विशेषज्ञ की नियुक्ति जिले के 39 स्कूलों में की गई है। इसमें शासकीय हाई स्कूल सूखाताल में हिंदी विषय के विषय विशेषज्ञ शिक्षक, रूसे में अंग्रेजी विषय, बिरकोना में भौतिकी विषय, शासकीय हाई स्कूल अचानकपुर, मोतीपुर खड़ौदाकला, मरका, कोडापुरी, लघान में संस्कृत विषय, बोदा, झलमला, उड़िया खुर्द, बाजार चारभाठा, रवेली में गणित विषय, शासकीय हाई स्कूल कुसमुंडा, दशरंगपुर सारंगपुर कला, मिनमिनिया जंगल में जीव विज्ञान विषय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरका कापादाह, कोडापुरी, पोलमी, कुंडा, नेउर, राजानवागांव, जुनवानी जंगल, समनापुर, सिंघनगढ़ में रसायन विषय, कुंडा, दशरंगपुर में अर्थशास्त्र, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला, रेंगाखर कला, रामपुर, गेंदपुर, सिलहटी, सूरजपुर वन, नवघटा, कुकदूर खैरझीटी पुराना, पलानसारी, कन्या पंडरिया और सिंघारी में विषय विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से गृहिणी को बचत में मिली मदद, आधा हुआ बिल

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के ग्राम धनोरा में रहने वाली वरुणी साहू एक आम गृहिणी हैं। उनका परिवार काफी बड़ा है, और बड़े परिवार के साथ बिजली का बिल भी बड़ा ही आता था। वरुणी जी बताती हैं कि हर महीने आने वाला भारी-भरकम बिजली का बिल उनके घर के बजट पर एक बड़ा बोझ था। उनकी चिंता जायज थी, आखिर इतनी बिजली की खपत का खर्च उठाना किसी के लिए भी आसान नहीं होता।



वरुणी को कहीं से 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के बारे में पता चला। यह योजना उन जैसे लाखों परिवारों के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर आई है, जो बिजली के बढ़ते खर्च से परेशान हैं। बिना देर किए, उन्होंने इस योजना के तहत अपने घर की छत पर रूफ टॉप सोलर पैनल लगवाने का फैसला किया। जनवरी 2025 में यह सपना साकार हुआ और उनके घर की छत पर सूरज की रोशनी को बिजली में बदलने वाले पैनल स्थापित हो गए। सोलर पैनल लगने के बाद वरुणी जी के घर का बिजली का बिल लगभग आधा हो गया है। पहले जहां उन्हें पूरी बिजली के लिए भुगतान करना पड़ता था, अब तस्वीर बदल चुकी है। उन्होंने बताया कि इस माह उनके यहाँ कुल 2662 यूनिट बिजली की खपत हुई, उनके सोलर पैनल से 1283 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। जिससे अब उन्हें केवल शेष 1379 यूनिट बिजली का ही भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा यह मेरे लिए सिर्फ पैसों की बचत नहीं, बल्कि एक नई आज़ादी है। 2.5 लाख रुपये की लागत से लगे इस सोलर पैनल के लिए उन्हें सरकार से 78 हज़ार रुपये की सब्सिडी भी मिली है, जिससे यह निवेश उनके लिए और भी आसान हो गया। वरुणी साहू जैसी गृहणियों की कहानियां हमें बताती हैं कि कैसे एक छोटी सी जानकारी और सही समय पर लिया गया फैसला बड़े बदलाव ला सकता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' सिर्फ बिजली का बिल कम करने की योजना नहीं है, यह परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण को बचाने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

# गाड़ी से कुचलकर हत्या, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

### विधायक से मुआवजे की मांग पर अड़े नगरवासी और परिजन

समवेत शिखर संवाददाता



**साजा।** नगर में एक सनसनीखेज घटना से नगरवासी स्तब्ध है बीती रात की घटना में मामूली विवाद पर एक सरफिरे युवक ने अपने पड़ोसी अधेड़ व्यक्ति से हाथापाई के पश्चात अपने निजी वाहन से कुचलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया और बाद में फरार हो गया,आरोपी की पकड़ने की मांग को लेकर मोहल्ले वालों ने रात में ही थाना का घेराव कर दिया।

भारी भीड़ देखकर पुलिस ने अपने आसपास के थानों से बल मंगा कर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े भीड़ के गुस्से को देखते हुए पुलिस बल ने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर थाने लाया तब जाकर मामला शांत हुआ।



**आरोपी ने बेरहमी से कुचल कर हत्या को दिया अंजाम :** बता दें कि नगर वार्ड 12 के मालवेंद्र बनर्जी पिता वासुदेव बनर्जी नाम के आदतन अपराधी युवक ने अपने पड़ोसी रतनू नेताम नाम के अधेड़ व्यक्ति की हाथापाई के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर लौट और फिर बोलेरा गाड़ी लेकर तेज रफ्तार से रतनू नेताम को कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही रतनू नेताम ने दम तोड़ दिया घटना के बाद आरोपी फरार हो गया मामले में खबर फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई।

**किया चक्काजाम :** आज सुबह पोस्टमार्टम नहीं करने देने को लेकर और क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू से मुलाकात कर मुआवजे की घोषणा करने की मांग को लेकर हजारों की संख्या में लोगों ने बीच सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। पुलिस और राजस्व विभाग के आला अधिकारियों के मान मनौव्वल के बाद भी लोगों को सड़क से नहीं हटा पाए,बार बार विधायक को बुलाने की मांग पर अड़े भीड़ के बीच विधायक ईश्वर साहू ने पीड़ित परिवार के पांच प्रतिनिधियों से मिलने की पेशकश की जिस पर विश्राम गृह में प्रतिनिधियौ से मिलकर ढाई डिसमिल जमीन पर मकान बनाकर देने के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा से चर्चा कर नगर पंचायत में नौकरी देने की बात कही साथ ही शासकीय मुआवजे से सहायता राशि लगभग 8 लाख रुपए को उचित प्रावधान से दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कही इसके अलावा कार्यक्रम हेतु तत्काल सहायता देते हुए नगद 25 हजार रुपए की मदद की है। घटना के आरोपी के विरुद्ध कड़ी और उचित कार्यवाही जारी है,मृतक रतनू नेताम का अंतिम कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

# जिले के खिलाड़ियों ने 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में जीते 14 पदक

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी शुभकामनाएं, खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक अर्जित किए हैं। इनमें 02 स्वर्ण, 04 रजत एवं 08 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर आज जिले के विजेता खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से सौजन्य मुलाकात की।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कबीरधाम जिले की यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि इससे प्रदेश का भी मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए संकल्पित है, और भविष्य में भी सभी आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण व सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी ताकि राज्य के युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि इन खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन की भावना अनुकरणीय है। हमें गर्व है कि कबीरधाम जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि वे इसी तरह मेहनत करते रहे, तो आने वाले वर्षों में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कबीरधाम और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर यह भी उल्लेखनीय रहा कि खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि के पीछे आर्मी ग्रुप के कोच श्री सुनील सरोज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को कठिन प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देकर उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। खिलाड़ियों ने भी उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के सहयोग व प्रोत्साहन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही जिले में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण बना है। कोच श्री सुनील सरोज ने बताया कि कबीरधाम जिले में एथलेटिक्स के क्षेत्र में लगातार प्रतिभाएं उभर रही हैं, आवश्यकता है उन्हें उचित मंच, संसाधन और मार्गदर्शन की। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के सहयोग और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता से अन्य युवा भी खेलों की ओर आकर्षित होंगे।

**इन खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान :** कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के 400 मीटर दौड़ में मनीषा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं नेहा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। 5000 मीटर दौड़ में निशि ने दमदार दौड़ लगाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि 3000 मीटर दौड़ में लाला सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 4 इनटू 100 मीटर दौड़ में पप्पु, पंकज, सनत और दिनेश की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह निखिल और नीलम की जोड़ी ने भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। वेक चेस्ट प्रतिस्पर्धा में चंद्रभान ने तीसरा स्थान, भाला फेंक में विशाल ने दूसरा स्थान, डीएसीए स्पर्धा में पारस ने प्रथम स्थान, और नेमीष ने तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले के लिए एक बार फिर गौरव का क्षण निर्मित किया। इन सभी खिलाड़ियों की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि जिले में खेल प्रतिभाओं के विकास और प्रशिक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों को भी दर्शाता है।

# जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक को जन्मदिन पर लगा बधाइयों का तांता

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के जन्मदिन पर सोमवार को जमकर खुशियां बिखरी। फलस्वरुप सुबह से ही उनके सुभाषनगर कसारीडीह स्थित आवास पर श्री कौशिक को बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं उनके समर्थक बड़ी संख्या में बधाई देने उनके आवास पहुंचे और उन्हें बधाई देकर उनके दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री कौशिक को भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टी के नेताओं द्वारा भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई है। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व खेल संगठनों के लोग भी श्री कौशिक को बधाई देने उत्साह के साथ पहुंचे। इसके पहले आज सुबह जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने अपने जन्मदिन पर चंडी मंदिर, शीतला मंदिर बैगापारा और मां सतरुपा शीतला मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह पहुंचकर माता जी के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की खुशियाली के लिए कामना की। इस दौरान श्री कौशिक ने मां सतरुपा शीतला मंदिर सिविल लाईन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, तत्पश्चात श्री कौशिक मोहलई स्थित श्री कृष्ण गौशाला पहुंचे। यहां उन्होनें गौवंश को गुड़ व हरी घास खिलाकर गौवंश की सेवा की।



जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के जन्मदिन को लेकर आज भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा उनके समर्थकों में खासा उत्साह रहा। जिसके चलते उन्होंने श्री कौशिक से केक कटवाया और जमकर आतिशबाजी कर जन्मदिन की खुशियां मनाई। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के जन्मदिन पर समर्थकों द्वारा सोमवार की शाम 7 बजे पद्मनाभपुर स्थित बाफ्ना मंगलम् में जन्मदिन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक लोगों से जन्मदिन की बधाई स्वीकार करेंगे। समारोह में विधायकगण, वरिष्ठ भाजपा नेताओं के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। जन्मदिन पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक को भाजपा नेता विनोद अरोरा, अरविंदर सिंह खुराना, पार्षद साजन जोसेफ जिला भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू, तोखन सिन्हा, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, रोमनाथ साहू, सुरेन्द्र धर्माकर, धन्नू राजपूत, राजू निर्मलकर, मनीष भंडारी, रामेश्वर अग्रवाल के अलावा अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य स्तरीय सबजूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता 11 जुलाई से

**रायपुर।** 17वी राज्य स्तरीय सबजूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो दिनांक 11.07.2025 से 13.07.2025 तक बिलासपुर मे आयोजित है के लिए रायपुर जिले की बॉक्सिंग टीम (बालक/बालिका) का चयन प्रतियोगिता सुभाष स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें 30-33 कि ग्रा में केशव नेताम,33-35 कि ग्रा में देव टांडी, 35-37 कि ग्रा डेविड कुमार साहू, 37-40 कि ग्रा चैतन्य सायं सोना, 40-43 कि ग्रा नितेश चंद्राकर, 43-46 कि ग्रा जय जिनेंद्र शर्मा, 49-52 कि ग्रा हर्षल पिल्ले, 52-55 किग्रा साक्ष्य वासुदेव एवं +70 वजन वर्ग में वेदाथ पिल्लै तथा बालिका वर्ग 37-40 किग्रा में देविका साहू एवं 46-49 किग्रा में भावना साहू का चयन किया गया ।



### टीबी के खिलाफ नई पहल : बीपालएम रेजिम से मरीजों को मिलेगा तेज और प्रभावी इलाज



**रायपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी के मार्गदर्शन एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी की उपस्थिति में नोडल डीआरटीबी सेंटर, मेकाहारा, रायपुर में दवा प्रतिरोधक टीबी के मरीजों के लिए नवीन बीपालएम रेजिम का शुरुआत शुरुआत किया गया। अब तक टीबी के दवा प्रतिरोधी मरीजों को 9 से 18 माह तक पांच से सात दवाएं प्रतिदिन लेनी पड़ती थीं। लेकिन बीपालएम रेजिम के तहत इलाज की अवधि केवल 6 माह रह गई है, और अब केवल 4 आधुनिक दवाओं से इलाज संभव होगा। इन दवाओं की अनुमानित लागत 1 लाख रुपये से अधिक है, जिसे सरकार की ओर से पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

### मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पौधारोपण

**रायपुर।** केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पुरे होने पर भाजपा शंकर नगर मंडल रायपुर द्वारा मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति के नेतृत्व में 30 जून को संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत वृक्षा रोपण का कार्यक्रम चंद्रशेखर नगर काली माता वार्ड, मंडी कालोनी में आयोजित किया गया 7 पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पेड़ माँ के नाम रोपित किया तथा लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं सचेत किया। जिसमे मुख्य रूप से रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने, सभापति सूर्यकांत राठौर, मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति, वृक्षा रोपण कार्यक्रम संयोजक अर्चना हुकरे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा साहू, मनीष नागौड़े, कैलाश बेहरा, पार्षद साधना प्रमोद साहू, सुधीर चौबे, हरिवंश वर्मा, उषा जंघेल, सहित बड़ी संख्या में मंडल एवं वार्ड के कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से अधीक्षण अभियंता सहित 9 कर्मियों की विदाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी मुख्यालय में आज अधीक्षण अभियंता सहित 9 अधिकारियों-कर्मचारियों को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति व विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के समय हमारे यहां केवल 27 अतिउच्चदाब उपकेन्द्र थे जो आज बढ़कर 135 हो गये है। साथ ही पारेषण लाइनों की लंबाई 4 हजार सर्किट किलोमीटर से बढ़कर 14 हजार सर्किट किलोमीटर हो गई है। 25 वर्षों में राज्य के पारेषण नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। इसका श्रेय सभी अधिकारी-कर्मचारियों की लगन, मेहनत और निष्ठा को जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों के अनुभव का विशेष लाभ उनके मातहत कर्मचारियों को मिलता है।

# खूब पढ़ें व आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ है : सीएम साय

### मुख्यमंत्री ने बौद्धिक भ्रमण पर आए सुकमा जिले के युवाओं से की आत्मीय मुलाकात

**समवेत शिखर न्यूज**



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में बौद्धिक भ्रमण पर आए सुकमा जिले के युवाओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं से उनका हाल-चाल जाना और राजधानी रायपुर में उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे खूब पढ़ें और आगे बढ़ें। छत्तीसगढ़ सरकार उनके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री से मिलकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के युवाओं से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने कहा कि नक्सली विकास विरोधी हैं। वे नहीं चाहते कि बस्तर के लोगों को पानी, बिजली, सड़क और विद्यालय जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलें। सरकार की प्राथमिकता बस्तर का विकास है। बहुत जल्द बस्तर से नक्सलवाद खत्म होगा। मुख्यमंत्री ने बड़े प्रेम से प्रदेश के सुदूर क्षेत्र से आये इन युवाओं से बातचीत की और उनके बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से पूछा कि उन्हें रायपुर आकर कैसा लग रहा है ? जिसके जवाब में युवाओं ने बताया कि उनके दल के अधिकतर युवा पहली बार राजधानी रायपुर आये हैं। अधिकांश ने इस भ्रमण के दौरान पहली बार जगदलपुर को देखा। पहली बार अपने गांव से रायपुर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। नई-नई चीजें देखने को मिल रही हैं। आज उन्हें मंत्रालय को देखने और यहां की कार्यप्रणाली समझने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से यह अनुभव आपके लिए लाभदायक रहेगा।

इस भ्रमण का पूरा लाभ उठाएं और स्वयं को समृद्ध करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुकमा के युवाओं से विशेष रुप से उनकी शिक्षा के विषय में चर्चा की। विभिन्न आयुवर्ग के युवाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे दसवीं, बारहवीं सहित कॉलेज तक में पढ़ रहे हैं। सहज सरल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से युवाओं ने खुलकर संवाद किया। इस दौरान एक छात्र ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह बीएससी के सेकेंड ईयर में पढ़ रहा है, वहीं एक छात्र ने स्वयं खड़े होकर मुख्यमंत्री को बताया कि वह भी बीए फाइनल का विद्यार्थी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं की पढ़ाई के प्रति रुचि की सराहना की और इसी तरह पढ़ लिख कर आगे बढ़ने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत नियद नेल्लानार कार्यक्रम के तहत बस्तर संभाग के युवाओं का बौद्धिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में सुकमा जिले के 95 युवाओं को 2 दिवसीय भ्रमण पर राजधानी रायपुर आये हैं। इस दल में 77 बालक और 18 बालिकाएं शामिल हैं।




## मुख्यमंत्री साय ने किया मंत्रालय के पंचम तल में नवीन सभागार का लोकार्पण

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन के सेक्रेटरी ब्लॉक के पंचम तल पर निर्मित नवीन सभागार का लोकार्पण किया। 13.90 करोड़ रुपये की कुल लागत से निर्मित यह भव्य सभागार सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। 6450 वर्गफुट क्षेत्र में बने इस कॉन्फ्रेंस हॉल की बैठक क्षमता 185 सीटों की है। सभागार आंतरिक विद्युतीकरण, अग्निशमन व्यवस्था, वातानुकूलन, ऑडियो-विजुअल प्रणाली, आंतरिक साज-सज्जा तथा फर्नीचर सहित सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा सहित मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मुकेश बंसल, श्री पी. दयानंद, डॉ. बसवराजू एस., श्री राहुल भगत, सचिव श्री रजत कुमार, श्री अंकित आनंद, श्री अविनाश चम्पावत तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सांसदों की बात नहीं सुन रहे रेलवे के अधिकारी हमने शिकायत की तो बढ़ेगी परेशानी : बृजमोहन

### महाप्रबंधक व सांसदों के साथ हुई बैठक

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के तहत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की सोमवार को रेल मंडल कार्यालय में जीएम के साथ बैठक हुई। बैठक में अपने-अपने क्षेत्रों की रेलवे से जुड़ी क्षेत्रीय समस्याओं, विकास योजनाओं, अधोसंरचना विस्तार और यात्रियों की सुविधाओं पर चर्चा की गई।

इस दौरान सांसदों की ओर से शिकायत की गई कि लोकल लेवल रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी उनकी बाते नहीं सुनते। इस पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, हमारी ओर से शिकायत हुई तो रेलवे के अफसरों को समस्या आ सकती है। अग्रवाल ने आगे कहा कि, रेल मंत्री के निर्देश के बाद भी नई रेल लाइन में हो रहे अलाइनमेंट के मामले पर सांसदों से चर्चा नहीं हो रही है। ये गलत प्रक्रिया है। आपस में बात करके अलाइनमेंट का मामला सुलझाना चाहिए ताकि आम लोगों को समस्या न हो। इसके अलावा ग्रीन एनर्जी बढ़ाने, स्पोर्ट कोटा से रेलवे में भर्ती जैसे मुद्दे भी टेबल पर रखे गए।



**भारत माला प्रोजेक्ट को ध्यान में रखकर नहीं हो रही प्लानिंग :** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि, भारत माला प्रोजेक्ट का दिसंबर तक पूरा होना है। प्रोजेक्ट के तहत बन रही सड़कों के कारण रेलवे को दिक्कतें आ सकती हैं। ऐसे में नई रेलवे लाइन का काम इन बातों को ध्यान में रखकर एंटी सिपेट करना चाहिए, जोकि उसने अब तक नहीं किया है।

**स्पोर्ट्स कोटा में रुकी भर्ती पर फिर से शुरू करने के निर्देश :** अग्रवाल ने बताया कि रेलवे अधिकारियों से कहा कि लंबे समय से रेलवे खेल कोटा से आए हुए आवेदनों को इग्नोर कर रहा है। फिर से भर्तियां शुरू करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। इसके अलावा अमृत स्टेशनों के निर्माण में गति लाने और रेलवे ट्रैक-स्टेशनों के आस-पास ग्रीन एनर्जी के लिए सोलर पैनल लगाने का सुझाव दिया गया है। सांसद अग्रवाल ने बताया कि, ट्रेनों के रद्द और कैंसिल होने को लेकर भी रेलवे के अधिकारियों से जवाब मांगा गया था। जिस पर रेलवे की ओर से जवाब मिला है कि तीसरी, दूसरी और चौथी लाइन का काम चल रहा है।

# मैं पाकिस्तानी नहीं भारतीय हूं, मैं खुद कोर्ट आना चाहता हूं, मुझे बंदकर रखा जाता है : लखमा

### कोर्ट में जज से बोले विधायक

**समवेत शिखर न्यूज**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने न्यायालय से गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि, उन्हें हर बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाता है, जबकि वे खुद कोर्ट में आकर सुनवाई में शामिल होना चाहते हैं।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान लखमा ने जज से कहा कि, मैं पाकिस्तान का नहीं, भारतीय हूं। मेरे साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है। मुझे बंद करके रखा जाता है। मैं खुद कोर्ट आना चाहता हूं। मुझे किसी प्रोटोकॉल या बड़ी गाड़ी की जरूरत नहीं। अगर मुझे यहां लाना चाहेंगे तो मैं बाइक पर भी बैठकर आ जाऊंगा। कोर्ट में पेशी के लिए नहीं ले जाने को लेकर उन्होंने अब आपत्ति दर्ज कराई है। कवासी लखमा की बात सुनकर अदालत ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके हितों का संरक्षण किया जाएगा।

**ईओडब्ल्यू ने 1100 पन्नों का पेश किया चालान**

ईओडब्ल्यू के वकील मिथिलेश वर्मा ने बताया कि, शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने विशेष न्यायालय में करीब 1100 पन्नों का चौथा पूरक चालान पेश किया है, जिसमें लखमा के घोटाले में शामिल होने के सबूत हैं। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि कवासी लखमा ने साल 2019-2023 के दौरान आबकारी मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। घोटाले से हुई अवैध कमाई का भी निवेश किया गया है।

**64 करोड़ की अवैध कमाई, 18 करोड़ के निवेश के दस्तावेज मिले**

ईओडब्ल्यू के प्रेस नोट के मुताबिक, अब तक की जांच में घोटाले से 64 करोड़ रुपए की अवैध कमाई कवासी लखमा के हिस्से में आई है, जिसमें से 18 करोड़ रुपए की राशि से संबंधित निवेश और खर्च के दस्तावेजी साक्ष्य भी जांच एजेंसी को मिले हैं।

## सहकारिता की राष्ट्रीय कार्यशाला में मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मण्डपम नई दिल्ली के सभागार में सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री तथा सहकारिता विभाग के सचिवों की राष्ट्रीय कार्यशाला का आज आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ से सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप तथा सहकारिता सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना इस कार्यशाला में भाग लिए। भारत सरकार के सहकार से समृद्धि की योजनाओं तथा कार्यक्रमों को सभी राज्यो के पैक्स सोसाइटियों, दुग्ध तथा वनोपज समितियों में लागू किया गया है। सभी पैक्स को कामन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा इस राष्ट्रीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ में सहकार से समृद्धि की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ में 25 अगस्त 2025 को बैठक उपरांत 750 नवीन मत्स्य, दुग्ध तथा वनोपज समितियों का गठन किया जा चुका है। साथ ही 532 नवीन पैक्स का गठन प्रक्रियाधीन है। एक लाख किसानों का कोआपरेटिव्ह बैंको में नवीन खाता खोला गया है। एक लाख केसीसी कार्ड जारी किया गया। छत्तीसगढ़ के 6 जिलों में आदिवासी परिवारों को गाय बांटने की कार्ययोजना तैयार की गई है। किसानों को राशि रुपये 7500 करोड़ का अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किया गया है। धान विक्रय करने वाले किसानों को 2058 पैक्स सोसाइटी द्वारा माइक्रो एटीएम से राशि रुपये 145 करोड़ का भुगतान किया गया। छत्तीसगढ़ में 2028 पैक्स सोसायटियो का कम्प्यूटरीकरण व डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है।



### मुख्यमंत्री साय से केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीशचन्द्र दुबे ने की सौजन्य मुलाकात

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान राज्य में कोयला खनन एवं उत्पादन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।



बैठक में राज्य में कोयला उत्पादन, खनन कार्यो की प्रगति, श्रमिकों से जुड़ी सुविधाओं एवं विकास कार्यो पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में कोयला एवं ऊर्जा क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को साकार करने में सहायता मिलेगी। श्री साय ने इस दौरान सीएसआर मद की राशि का उपयोग अधिक से अधिक जनकल्याणकारी कार्यों में करने के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक हरीश दुहन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए तेजस्वी युवा शिविर का हुआ आयोजन

### संत श्री आशारामजी बापू प्रेरित युवा सेवा संघ का आयोजन

**समवेत शिखर न्यूज**



**रायपुर।** संत श्री आशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से, रायपुर आश्रम में एक दिवसीय तेजस्वी युवा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को आध्यात्मिक, शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के मार्ग पर प्रेरित करना है, जिससे वे चरित्रवान, सेवाभावी और तेजस्वी राष्ट्रनायक बन सकें।

16 से 45 वर्ष के युवाओं के लिए आयोजित इस शिविर का शुभारंभ सुबह 6 बजे संध्याकालीन पावन बेला में दीप प्रज्जवलन के बाद ओमकार गुंजन एवं गुरु प्रार्थना से हुआ । इसके बाद युवाओं में तमोगुण दूरकर सत्वगुण की वृद्धि करने हेतु आसन, प्राणायाम की महिमा बताकर उनका सामूहिक अभ्यास कराया गया । इसके बाद भगवन्नाम कीर्तन कराया गया जिससे पाप, ताप दूर होकर भक्ति का संचार होता है । कीर्तन के बाद मानस पूजन कराया गया फिर ध्यान कराया गया । भोजन के बाद वाले सत्र में पूज्यश्री की अमृतवाणी पर आधारित सत्संग चलाया गया और सेवा साधना की महिमा बताई गई कि सेवा और साधना रूपी पंखों की उड़ान से जीव अध्यात्म मार्ग में ऊंची उड़ान पा सकता है। दोपहर की संध्या में टंक विद्या, त्राटक के बाद सामूहि भगवन्नाम जप किया गया जिसकी कलियुग मे बड़ी महिमा है । दोपहर के बाद वाले सत्र में बुद्धशक्ति बढ़ाने वाले सामूहिक खेल खिलाए गए । शिविर के भाग लेने वाले सभी युवाओं को अतिथि गण रामाभाई, आश्रम संचालक, लेखराम साहू, पूर्व पार्षद, बीरगांव, श्री योग वेदांत सेवा समिति के श्रीएम के गुप्ता, श्री मोहन भाटिया, लक्ष्मण लेखवानी, कैलाश मोटवानी, पवन यदु, युवा सेवा संघ के भूपेश साहू, के करकमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

# 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली किसान जवान, संविधान सभा होगी ऐतिहासिक : बैज

### किसान, जवान, संविधान सभा की तैयारी बैठक संपन्न

**समवेत शिखर न्यूज**



**रायपुर।** 7 जुलाई को राजधानी में होने वाली किसान, जवान, संविधान सभा की तैयारी बैठक राजीव भवन में संपन्न हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं विधानसभा प्रभारियों की बैठक लिया। युवा कांग्रेस एवं विधानसभा प्रभारियों की बैठक में एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली किसान, जवान, संविधान सभा ऐतिहासिक होगी। सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महामंत्री के.सी. वेणुगोपाल भी संबोधित करेंगे। यह सभा देश के वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद करने आयोजित की गयी है। सभा का उद्देश्य उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह सभा आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगी। राजधानी रायपुर में होने वाली सभा पूरे प्रदेश के किसानों, जवानों के हक के लिए मील का पत्थर साबित होगी। हमें पूरी ताकत लगा कर सभा को सफल बनाना है। युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित पूरी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए यह सभा सफल बनाना एक लक्ष्य है। हम सब ऐतिहासिक सभा का आयोजन करेंगे। एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस सभा के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये जनता की आवाज उठायेंगे। हम इस देश के गरीबों की, किसानों की, जवानों की अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे। विधानसभा प्रभारियों की बैठक में राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेन्द्र शर्मा, आलोक चंद्राकर, विनोद तिवारी, देवेन्द्र सिंह, नीता लोधी, सुजीत बघेल, भुवनेश्वर बघेल, पंकज मिश्रा, आनंद पवार, सुनील कुकरेजा, युगल पाण्डेय, नीलम चंद्राकर, सतीश अग्रवाल, हितेन्द्र ठाकुर, अमित शर्मा आदि उपस्थित थे।

## न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह एक पवित्र उत्तरदायित्व है : सिन्हा

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायिक अकादमी के मुख्य संरक्षक माननीय श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के नेतृत्व में, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर द्वारा आज नव नियुक्त सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) के लिए प्रथम चरण के इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम (3 माह) का शुभारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 30 जून, 2025 से 27 सितम्बर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में माननीय श्रीमती न्यायमूर्ति रजनी दुबे, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की गरिमामयी उपस्थिति रही। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने अपने प्रभावशाली संबोधन में नव नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को न्यायिक सेवा में चयनित होने पर बधाई दी एवं ध्यान आकर्षित किया कि, ÷न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह एक पवित्र उत्तरदायित्व है।÷ विधि के शासन को बनाए रखने एवं सामान्य नागरिक को न्याय सुनिश्चित करने के लिए उन्हें यह पवित्र उत्तरदायित्व सौंपा गया है। उन्होंने सतत् अध्ययन, न्यायिक आचार संहिता एवं विनम्रता के महत्व को रेखांकित किया, एवं नव नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को प्रशिक्षण के प्रति समर्पण एवं ईमानदारी से जुड़ने हेतु प्रेरित किया, क्योंकि इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान रखी गई नींव उनके भविष्य के न्यायिक आचरण एवं क्षमता को आकार देगी। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने समय की पाबंदी, तैयारी और धैर्य को एक अच्छे न्यायाधीश की पहचान बताया, साथ ही स्मरण कराया कि ÷विलंबित न्याय, अन्याय के समान है और कभी-कभी, जल्दबाज़ी में किया गया न्याय भी अन्याय ही होता है।÷ इसलिए गति और न्याय के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। अब आप न्याय के संरक्षक हैं, उस स्तर पर जहाँ सामान्य नागरिक न्याय प्रणाली से पहली बार जुड़ता है। यहीं, निचली अदालतों में, न्याय की सच्ची छवि जनता के मन में बनती है।÷ उन्होंने आशा व्यक्त की कि न्यायिक सेवा की यह यात्रा निरंतर अध्ययन, निर्भीक स्वतंत्रता और न्याय के प्रति अटूट समर्पण से परिपूर्ण होगी। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री एवं न्यायिक अकादमी के अधिकारीगण की भी उपस्थिति रही।



### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बॉक्सिंग खिलाड़ी संमाचा चानू भारतीय बॉक्सिंग टीम में चयनित



**समवेत शिखर न्यूज**

**बिलासपुर/रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर में कार्यरत टीटीई संमाचा चानू का चयन विश्व बॉक्सिंग कप, अस्ताना (कजाकिस्तान) में भाग लेने वाली भारत की राष्ट्रीय बॉक्सिंग टीम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 30 जून से 07 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी । महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने संमाचा चानू को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है । संमाचा चानू की यह उपलब्धि न केवल रेलवे के लिए गर्व की बात है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है । इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, रेलवे खेल संघ के पदाधिकारियों तथा साथी खिलाड़ियों ने भी संमाचा चानू को शुभकामनाएं दीं।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### एलएसी पर भारत की यथार्थवादी नीति

शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री के साथ वार्ता के दौरान संबंधों में नयी पेचीदगी पैदा करने से बचने की बात करते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करने के जो विकल्प सुझाये हैं, वे भारत के यथार्थवादी और व्यावहारिक नजरिये के बारे में ही बताते हैं। उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाये रखने के लिए चार विकल्प भी सुझाये, जिससे कि भविष्य में गलवान जैसी स्थिति पैदा न हो. ये चार विकल्प हैं-सैनिकों की वापसी से जुड़े 2024 के समझौते का पूरी तरह से पालन, एलएसी पर तनाव कम करने के प्रयास जारी रखना, बॉर्डर तय करने के स्थायी हल के लिए मैकेनिज्म को फिर से सक्रिय करना और विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत जारी रखना।

योजना में इस बात पर भी जोर दिया गया कि भारत-चीन 2024 की उस योजना का पालन करें, जिसमें दोनों देश एक पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सहमत हुए थे। गौर करने वाली बात यह है कि जारी किये गये बयान में पहली बार 'स्थायी हल' शब्द का इस्तेमाल हुआ है, जबकि अब तक सिर्फ बातचीत के जरिये, आपसी विश्वास को जरिया बनाकर शांति स्थापित करने की बात होती थी। भारत और चीन के रिश्ते को भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ना चाहिए। भारत ने दोतरफा संबंधों में हमेशा व्यावहारिकता को तरजीह दी है, जबकि पाकिस्तान और पाक प्रायोजित आतंकवाद के मुद्दों पर चीन का रुख यथार्थवादी और ईमानदार नहीं है। पहलगाम हमले के बाद चीन का रवैया स्वाभाविक ही पाकिस्तान परस्त दिखा, लेकिन जिस एससीओ का गठन ही आतंकवाद से लड़ने के लिए हुआ, उसकी बैठक में पहलगाम की आतंकी घटना का जिक्र न होना स्तब्ध करने वाला था।

ऐसे में, भारत ने उचित ही साझा बयान पर दस्तखत करने से इनकार कर दिया, लेकिन राजनाथ सिंह ने इस पर जोर दिया कि 2020 के बाद चीन के साथ संबंधों में अविश्वास की जो खाई बनी थी, उसे पाटना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले कुछ समय से आपसी रिश्तों को सामान्य करने की कोशिश हुई है। इस संदर्भ में दो बातों का और ध्यान रखना जरूरी है। एक यह कि इसी साल दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के पचहत्तर वर्ष पूरे हुए हैं और दूसरी यह कि करीब पांच साल बाद कैलाश-मानसरोवर यात्रा शुरू हुई है. इसके बावजूद चीन के साथ रिश्तों में भारत को सतर्क रहना ही होगा।

# रोगी के लिए स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डॉक्टर्स

■ ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंभकार



## राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस : 1 जुलाई

स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, 'सेहत सबसे बड़ी पूंजी' है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं।

2025 की थीम है 'मास्क के पीछेः देखभाल करने वालों की देखभाल' उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो।

वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता।

हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जकड़ लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं। अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा अगर आप तनाव में रहते हैं तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना होता है। कैंसर की बीमारी के लिये आपको ओन्कोनोजिस्ट के पास जाना चाहिए। अगर आपको आंखों में कोई समस्या है, जलन, खुजली, रेडनेस या इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं तो इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। प्रेग्नेंसी से लेकर डिलीवरी, या फिर ब्रेस्ट, यूटीआई, पीरयड्स, की समस्या हो रही है तो गायनोकोलॉजिस्ट की मदद लें। दिमागी बीमारी के लिये न्यूरोलॉजिस्ट के पास जाने की सलाह दी जाती है। कई बार सही डॉक्टर से समय पर इलाज न मिलने की वजह से भी बीमारी और बढ़ जाती है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं मानवीयता जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने एवं उनको स्वस्थ बनाने के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाएं वरदान है। डॉक्टर्स भगवान का रूप होते है, वे ही इंसान के जन्म के पहले साक्षी बनते हैं और उनमें करुणा एवं स्वस्थता का बीज बोते है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ हंसते हुए दे देते हैं, चाहे उनका अपना पारिवारिक सुख हो, करियर हो, जीवन की खुशियां हो या सपने हों, सबकुछ झोंक देते है। डॉक्टर्स अपने सुख-दुख को त्याग कर मरीजों के लिए जीते हैं, समाज को रोगमुक्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, कोविड संक्रमण के दौरान डॉक्टर्स ही थे, जो एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ घंटों लगातार ड्यूटी कर रहे थे।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### त्याग के तीन स्तर हैं- छुड़वाना, छोड़ना और छूटना

भारत त्याग प्रधान देश है, रामजी ने राज्य का अधिकार त्यागा 14 वर्ष के लिए। महावीर, बुद्ध ने संसार त्यागा सर्वकाल के लिए। भगवान महावीर ने दशवैकालिक सूत्र के द्वितीय अध्ययन में कहा है- त्यागी उसे कहा जाए जो अपने अधीन भोगों को छोड़ता है।

विवशतावश वस्तु का भोग न कर पाना त्याग नहीं है। स्वेच्छा से वस्तु का भोग न करना त्याग है, ऐसा त्यागी व्यक्ति ही त्याग का आनंद लेता है। विवशता में वस्तु का अभोग, अप्रयोग मन को पीड़ा ही प्रदान करता है, आनंद नहीं। त्याग के तीन स्तर हैं- आपने किसी के दबाव में कोई वस्तु छोड़ दी। वस्तुतः आपने वह वस्तु छोड़ी नहीं है, आपसे छुड़वाई गई है। इस स्थिति में सामनेवाले ने दबाव डाला और आपको छोड़ना पड़ा। इसमें प्रयास छुड़वानेवाले का है, छोड़नेवाले का नहीं, छोड़नेवाले की तो मजबूरी है, लाचारी है। डॉक्टर ने कह दिया- नशा छोड़ दें, नहीं तो मैं इलाज नहीं करूंगा। यह त्याग का प्रथम स्तर है। दूसरा स्तर है- स्वेच्छा से छोड़ना, अपने मन पर दबाव खुद बनाना कि हे मन, इस वस्तु को छोड़ अन्यथा तेरा ये भव, अगला भव खराब हो जाएगा। इस स्तर पर व्यक्ति अपने को समझाता है, अपने को दबाता है, ये त्याग है। छोड़ने का पहला स्तर है- छुड़वाना, दूसरा है- छोड़ना। तीसरा स्तर है- छूटना। इसमें साधक इतना सहज हो जाता है कि उसे किसी वस्तु से लगाव, अधिकार या ममता ही नहीं रह जाती है। वह अपने को इतना तटस्थ बना लेता है कि वस्तु छूट जाती है और उसे अहसास भी नहीं होता कि मैंने कुछ छोड़ा है।

## धर्म-कर्म

### चातुर्मास में इन नियमों का करें पालन, जानें क्या करें और क्या नहीं

चातुर्मास आषाढ़ शुक्ल एकादशी (इसे देवशयनी या हरिशयनी एकादशी भी कहते हैं) से लेकर कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवउठावनी या देवोत्थान एकादशी) तक होता है। सनातन धर्म में चातुर्मास्य की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है, जिसका अनुकरण आज भी हमारे साधु-संत करते हैं। प्रसिद्ध धर्म ग्रंथों- महाभारत आदि में चातुर्मास की महिमा का विषद् गान किया गया है। चातुर्मास असल में संन्यासियों द्वारा समाज को मार्गदर्शन करने का समय है। आम आदमी इन चार महीनों में अगर केवल सत्य ही बोले तो भी उसे अपने अंदर आध्यात्मिक प्रकाश नजर आएगा। नाम चर्चा और नित्य नाम स्मरण भी ऐसा फल प्रदान करते हैं। इस साल 6 जुलाई से चातुर्मास का आरंभ हो रहा है और 1 नवंबर 2025 को इसका समापन होगा। मान्यता है कि इस अवधि में विष्णुजी निद्रा योग में रहते हैं और देवउठनी एकादशी के दिन जागते हैं। देवशयनी एकादशी नाम से पता चलता है कि इस दिन से श्री हरि शयन करने चले जाते हैं। इस अवधि में श्री हरि पाताल के राजा बलि के यहां चार मास निवास करते हैं। भगवान विष्णु कार्तिक शुक्ल एकादशी, जिसे देवप्रबोधिनी एकादशी (इस बार 1 नवंबर को) भी कहा जाता है, के दिन पाताल लोक से अपने लोक लौटते हैं। इसी दिन चातुर्मास भी समाप्त हो जाते है। इन चार मासों में कोई भी मंगल कार्य- जैसे विवाह, नवीन गृहप्रवेश आदि नहीं किया जाता है। मान्यता है कि इन चार माह सात्विक जीवन व्यतीत करना चाहिए। पराए धन पर नजर नहीं रखनी चाहिए। निंदा और क्रोध का त्याग करना चाहिए। चातुर्मास में जलाशयों में स्नान करने से पाप का नाश होता है।

## आंचलिक

# पीएम सूर्यघर बिजली योजना से उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ

### सौर ऊर्जा से बिजली बिल पर मिली बड़ी राहत, केंद्र और राज्य सरकार की डबल सब्सिडी से सोलर सिस्टम की लागत भी काफी कम

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** सौर ऊर्जा से किफायती बिजली पैदा कर घरों को रोशन करने और बिजली बिल में बड़ी राहत के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर बिजली योजना में मिल रही भारी सब्सिडी से अब सोलर सिस्टम की लागत काफी कम हो गई है। पीएम सूर्यघर बिजली योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के साथ अब राज्य सरकार ने भी सब्सिडी दिए जाने का ऐलान कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं राज्य सरकार ने भी 30 हजार रुपए तक सब्सिडी प्रदान करने की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ हो रहा है। एक ओर जहां बिजली बिल में राहत मिल रही है, वहीं सब्सिडी से सोलर सिस्टम लगाने की लागत भी काफी कम आ रही है।



जगदलपुर धरमपुरा के रहने वाले श्रीमती गुणवती वर्मा ने अपने घर की छत पर पीएम सूर्यघर बिजली योजना से सोलर सिस्टम लगवाया है। उनके बेटे धीरज वर्मा ने बताया कि पहले उनका औसतन हर माह 1200 से 1500 रुपए तक बिजली बिल आता था। हर महीने इतना बिल परेशानी का कारण था। लेकिन जब से सोलर सिस्टम लगवाया है बिल काफी घट गया है। बीते महीने तो माइनस 1700 रुपए ही बिल आया है। मतलब सोलर प्लेट से पैदा बिजली से घर का काम भी चल गया और बची बिजली विद्युत विभाग के ग्रिड में ट्रांसफर करने से बिल में भी छूट मिली। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है। यह न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से राहत देती है बल्कि एक स्वच्छ और ऊर्जा का एक स्थायी विकल्प है। यह पर्यावरण के लिहाज से भी अत्यंत प्रभावी पहल है। उन्होंने अन्य लोगों को भी इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह भविष्य के ऊर्जा जरूरत को पूरा करने के लिए एक अच्छा विकल्प है। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा भी हितग्राहियों को 30 हजार रूपए तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जिससे सोलर सिस्टम लगाने की लागत काफी कम हो गई है। इसमें एक किलो वाट सयंत्र लगाने की लागत करीब 60 हजार रूपये आती है, इस पर केंद्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार रूपए सहित कुल 45 हजार रूपये सब्सिडी मिलती है, उपभोक्ता पर सिर्फ 15 हजार रुपए का व्यय भार आता है। इसी प्रकार दो किलो वाट सयंत्र पर एक लाख 20 हजार रुपए की लागत पर केंद्र से 60 हजार रूपए और राज्य से 30 हजार रूपए कुल 90 हजार रुपए सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त होती है। उपभोक्ता को स्वयं से सिर्फ 30 हजार रुपए देने पड़ेंगे, जो कि वास्तविक लागत का सिर्फ 25 प्रतिशत है। वहीं तीन किलो वाट सयंत्र पर करीब दो लाख रुपए लागत के विरुद्ध केंद्र से 78 हजार रुपए और राज्य से 30 हजार रुपए कुल एक लाख 08 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है, इसमें लगभग 80 हजार रुपए ही उपभोक्ता को देने होंगे।

# मां दंतेश्वरी कॉरिडोर में 'आरसेटी बाजार' का आयोजन



समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस मां दन्तेवष्वरी मंदिर प्रांगण में आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया था। जिसमें अगरबत्ती, धूप बत्ती, मच्छर अगरबत्ती, साबुन, हैंडवाश का प्रदर्शनी कर विक्रय किया गया। ज्ञात हो कि भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) दंतेवाड़ा द्वारा 12 दिवसीय घरेलू अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसमें जिले के विभिन्न ग्राम के महिलाओं ने इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया। प्रशिक्षण के दौरान कई प्रकार के सुगंधित अगरबत्ती, धूपबत्ती, मच्छर अगरबत्ती, एवं साबुन, वाशिंग पाउडर बनाने हेतु प्रशिक्षण प्रदाय किया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं में आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उत्साहित नजर आई।

## आज का इतिहास

- 1953 - जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कश्मीर में कैद के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।
- 1980 - भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के बड़े पुत्र संजय गाँधी एक विमान दुर्घटना में मारे गए।
- 1994 - संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता को मंजूर किया, उत्तरी कोरिया द्वारा परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाये जाने की घोषणा।
- 1995 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 50 वर्ष के इतिहास में 100वाँ प्रस्ताव (साइप्रस में शांति सैनिकों की अवधि बढ़ाने के संबंध में) पारित किया।
- 2008 - प्रसिद्ध बंगाली अभिनेता सौमित्र चटर्जी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार देने के लिए चयन समिति ने सिफ़ारिश की। टायन बनाने वाली देश की प्रमुख कम्पनी जेके टायर इण्डिया लिमिटेड ने मैक्सिको की टायर कम्पनी टोर्नल व उसकी सहायक कम्पनियों सहित 270 करोड़ डालर का अधिग्रहण किया।

प्रथम पेज का शेष

## दलहन-तिलहन-मक्का उगाने

इससे राज्य के राजस्व में असामान्य वृद्धि/कमी का समुचित प्रबंधन एवं आर्थिक मंदी के समय वित्तीय सुरक्षा प्राप्त होगी।

**लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 के प्रारूप का अनुमोदन :** मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में लॉजिस्टिक सेक्टर के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ राज्य लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस पॉलिसी से छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित होगा तथा निर्यात अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। राज्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए लॉजिस्टिक सेक्टर तथा ई-कॉमर्स की राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को लॉजिस्टिक हब की स्थापना के लिए निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। राज्य की भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश के उद्योगों, व्यापारियों और किसानों को सस्ती भंडारण सुविधा मिलेगी। प्रदेश में लॉजिस्टिक में लगने वाले लागत कम होने से व्यापार, निवेश एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस नीति के माध्यम से ड्राई पोर्ट/इन्लैंण्ड कंटेनर डिपो की स्थापना को प्रोत्साहित करने से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा स्थानीय उत्पादकों को निर्यात बाजारों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। राज्य के प्रचुर वन संसाधन, वनोपज एवं वनौषधि उत्पाद के निर्यात हेतु इको सिस्टम तैयार होगा। यह पॉलिसी राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी साथ ही राज्य को लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका में स्थापित करेगी।

छत्तीसगढ़ जन विश्वास विधेयक-2025 का अनुमोदन : मंत्रिपरिषद द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य के कुछ कानूनों के प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण करने के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जन विश्वास विधेयक से व्यवसाय व जीवनयापन में सहजता बढ़ेगी। अनावश्यक न्यायालयीन प्रकरणों और उनमें होने वाले व्यय में कमी आएगी।

**रिडेव्हलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं की स्वीकृति :** मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के विभिन्न विभागों/निगम/मण्डल/कम्पनी/बोर्ड के पूर्व निर्मित एवं जर्जर भवनों तथा इनके स्वामित्व की अनुपयोगी शासकीय भूमि के व्यवस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेव्हलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें शांति नगर रायपुर, बीटीआई शंकर नगर रायपुर, कैलाश नगर राजनांदगांव, चांदनी चौक फेस-2 जगदलपुर, सिविल लाइन कांकेर, क्लब पारा महासमुंद, कटघोरा कोरबा शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम बड़े तुमनार में जन-जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे जन-जागरूकता एवं संतृप्ति शिविरों की श्रृंखला में आज द 30 जून को विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत बड़े तुमनार में शिविर संपन्न हुआ।

इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन योजना तथा जनधन खाता बीमा योजना जैसे सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री चैतराम अटामी,जनपद सदस्य श्रीमती सुभद्रा क्षत्रिय, ग्राम पंचायत बड़े तुमनार एवं आसपास की पंचायतों के सरपंचगण, जनपद सदस्यगण, जनपद पंचायत गीदम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलराम ध्रुव, मंडल संयोजक श्री रविन्द्र टिकम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



शिविर में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखी गई। सैकड़ों की संख्या में हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किया तथा मौके पर ही कई लाभ भी प्रदान किए गए। विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि ÷हमारे आदिवासी अंचलों में जब तक अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुँचता, तब तक विकास अधूरा है। धरती आबा उत्कर्ष योजना और प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर पात्र हितग्राही को उसका अधिकार मिले। चाहे वह आयुष्मान कार्ड हो या पीएम किसान योजना, अब हर जरूरतमंद को लाभ मिलना चाहिए। इस शिविर में वृक्षारोपण अभियान के तहत जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### जला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 3 जुलाई को

**दुर्ग।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में 03 जुलाई 2025 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 3.30 बजे आयोजित की गई है। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए आवास-शहरी), स्वच्छ भारत मिशन शहरी, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यकम, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम, एकीकृत बाल विकास योजना, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यकम, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण 1.0, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण 2.0, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण-प्र.मं.पोषण (मध्यान्ह भोजन योजना), समग्र शिक्षा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना, सुगम्य भारत अभियान-एक्सेसिविलिटी इंडिया अभियान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, डिजीटल इंडिया-सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यकम- प्रत्येक ग्राम पंचायत सामान्य सेवा केन्द्र प्रदान करना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कार्यान्वयन, ई-श्रम पोर्टल इत्यादि बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी।

### विस अध्यक्ष राजनांदगांव जिले के प्रवास पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परमालकसा पहुंचकर शाला प्रवेश उत्सव एवं भूमि-पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे ग्राम परमालकसा से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव पहुंचकर नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। वे शाम 6 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6.10 बजे गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव पहुंचकर युवा योग कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# रजत पदक प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थनौद स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दुर्ग ब्लॉक देवांगन समाज के तत्वावधान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय रजत पदक प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर मां परमेश्वरी की विधिवत् पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं समाज में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उत्साहवर्धन किया।



इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने समाज के युवाओं को प्रेरणादायी संबोधन देते हुए कहा,यदि समाज का युवा शिक्षित, जागरूक और संगठित हो, तो समाज के उत्थान के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका निर्णायक होगी। देवांगन समाज अपने मजबूत पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों के लिए जाना जाता है, जिसने सदैव शिक्षा, सेवा, स्वावलंबन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। देवांगन समाज सदैव रचनात्मक कार्य के लिए जाने जाते है, आज सभी समाज के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। आगे श्री चंद्राकर ने छात्र छात्राओं को कहा कोई भी लक्ष्य, चाहे वह कितना भी कठिन क्यों न हो, मनुष्य के साहस और दृढ़ संकल्प के सामने टिक नहीं सकता। हार केवल उन्हें मिलती है जो प्रयास ही नहीं करते। जिस काम में आपको अच्छा लगता है जो करना चाहते हो उसको पुरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक करो तो निश्चित रूप से सफलता आपके कदम चूमेगी। आप सभी को इस सफ़ल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। कार्यक्रम में दुर्ग जिला देवांगन समाज अध्यक्ष पुराणिकराम देवांगन, भिलाई इस्पात संयंत्र की सहायक महाप्रबंधक प्रीति देवांगन, प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के उपाध्यक्ष पोषणलाल देवांगन, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रिया साहू, जनपद सदस्य संगीता साहू, सरपंच मेनका देशमुख, दिनेश देशमुख, समाजसेवी मोहनलाल हरमुख, विद्यालय के प्राचार्य अनिल गजपाल, धनराज देवांगन, ढीलूराम देवांगन, योगेन्द्र देशमुख, रूपसिंह देवांगन सहित देवांगन समाज के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों को साइबर फ्राड से बचने किया जागरूक, दिए उपयोगी टिप्स

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को सियान सदन, शांतिनगर भिलाई में संपन्न हुई। बैठक के बाद जिला पुलिस विभाग के साइबर सेल प्रभारी डॉ संकल्प राय के नेतृत्व में साइबर फ्राड से बचने जनजागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं साइबर फ्राड से बचाव के तरीके बताए गए। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। बैठक में महासंघ के प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।



कार्यशाला के आरंभ में महासंघ के सलाहकार घनश्याम देवांगन ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजकल साइबर ठगी बहुत बढ़ गई है। साइबर ठगों से बचने वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक होने, सतर्क रहने और आनलाइन ट्रांजेक्शन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। साइबर सेल प्रभारी डॉ संकल्प राय ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के नेतृत्व में साइबर फ्राड से बचने जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने साइबर फ्राड क्या है, अपराधी किस तरह के तरीके अपनाते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने लोगों को सावधान किया कि शातीर ठगों के संदिग्ध काल एवं लुभावने आफर के जाल में न फंसे। साइबर फ्राड से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड एवं ओटीपी को किसी से शेयर ना करें। पुलिस अधिकारी ने लोगों से कहा कि अगर साइबर फ्राड के शिकार हो जाएं तो तुरंत पुलिस विभाग के साइबर सेल को 1930 नंबर पर इसकी जानकारी दें। कार्यशाला को साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट आरिफ हुसैन खान एवं पत्रकार अनिल साखरे ने भी संबोधित करते हुए उपयोगी जानकारी दी। कार्यशाला से प्रेरित होकर भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने साइबर फ्राड से बचने जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया। इसके लिए पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा।

# तिरगा में डीपी खाद की भारी किल्लत, सरपंच ने जताई चिंता

### समिति प्रबंधक को सौंपा कलेक्टर के नाम ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग/तिरगा।** दुर्ग जिले के ग्रामीण अंचल तिरगा में किसानों को खेती के लिए आवश्यक डीपी (डायअमोनियम फॉस्फेट) खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत तिरगा के सरपंच घसियाराम देशमुख ने सक्रिय पहल करते हुए प्राथमिक कृषि साख समिति के प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।



घसियाराम सरपंच देशमुख ने बताया कि खेतों की तैयारी शुरू हो चुकी है, लेकिन डीपी खाद की अनुपलब्धता के कारण किसान बेहद परेशान हैं। समय पर खाद नहीं मिलने से फसल उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान परिवारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि संबंधित विभाग शीघ्र खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि किसानों को राहत मिल सके। साथ ही, खाद वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया है। गांव के किसान रामसाय बेलचंदन, गैंदलाल देशमुख, राकेश बेलचंदन, बुद्धेश्वर देशमुख, सूरज देशमुख, नंदलाल देशमुख, शिव देशमुख, भोलाराम देशमुख ने बताया कि वे पिछले कई दिनों से समिति का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक खाद नहीं मिल पाई है। अगर जल्द ही समाधान नहीं हुआ, तो खेती प्रभावित होगी और आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

#### किसानों की भी चिंता बढ़ी

गांव के कई किसानों ने बताया कि वे समय पर खेत तैयार कर चुके हैं लेकिन खाद न होने से बुआई रुक गई है। इससे न सिर्फ उपज पर असर पड़ेगा बल्कि आर्थिक स्थिति पर भी मार पड़ेगी। ग्राम पंचायत की इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन जल्द ही खाद आपूर्ति पर ध्यान देगा और ग्रामीण किसानों को राहत मिलेगी।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से ओंकार साहू का घर हुआ रोशन

### बिजली बिल में मिली राहत, कटौती की समस्या से भी छुटकारा

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना कबीरधाम जिले के उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत लाभान्वित हुए कवर्धा नगर के रामनगर निवासी श्री ओंकार साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह योजना उनके लिए आर्थिक और घरेलू समस्याओं से राहत का सशक्त माध्यम बनी है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में हर वर्ष बिजली की अधिक खपत के चलते उनका मासिक बिजली बिल 1500 से 2500 रूपए तक पहुँच जाता था, जिससे आर्थिक भार झेलना पड़ता था।



साथ ही, लगातार और लंबे समय तक बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई और घर के अन्य जरूरी कार्य प्रभावित होते थे। लेकिन प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत ऑनलाइन आवेदन किया और अपने मकान की छत पर सोलर पैनल लगवाया। श्री साहू ने बताया कि उन्होंने 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया, जिसकी कुल लागत 2 लाख रूपए आई। इसमें केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है, जबकि छत्तीसगढ़ शासन की ओर से 30 हजार रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी शीघ्र ही प्राप्त होने वाली है। इस तरह 1 लाख 8 हजार सब्सिडी मिल जाएगी। इस सहायता से उन्हें सोलर पैनल लगवाने में भारी आर्थिक सहयोग मिला है। सोलर पैनल की स्थापना के बाद से उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है। अब उनका बिल लगभग आधा हो गया है, जिससे उन्हें हर माह स्थायी आर्थिक राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब पूरे परिवार को बिजली कटौती से भी मुक्ति मिल गई है, और बिजली की उपलब्धता स्थायी बनी है। श्री ओंकार साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान कर रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी एक प्रभावी और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी अपील की कि वे ग्रीन एनर्जी को अपनाएं और इस योजना का लाभ लेकर पर्यावरण तथा अपनी जेब दोनों की रक्षा करें।

# आयोजन से प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं: कैलाश जैन

### सभी वर्गों से चयनित चार-चार खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा नगर निगम दुर्ग के सहयोग से विवेकानंद भवन में आयोजित दो दिवसीय दुर्ग जिला सीनियर, महिला एवं सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में अंडर 15 बालक वर्ग में शिल्प कुमार घोड़ेसवार /6 अंक/ एवं बालिका वर्ग में इशिका मड़के /5अंक/ तथा सीनियर वर्ग में ईशान सैनी / 5.5 अंक /तथा महिला वर्ग में हिमानी देवांगन/4अंक/जिला चैंपियनशिप में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि जिले के कुल 132 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया था।



स्पर्धा में कुल 6 मैच खेले गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैलाश जैन बरमेचा ने आयोजन की सराहना करते हुए बताया ऐसे आयोजन से प्रतिभाएं निखरकर सामने आती है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि हार जीत खेल का हिस्सा है। हार से निराश नहीं होकर खिलाड़ी को आगे अपने खेल में सुधार लाना चाहिए। श्री बरमेचा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष पार्षद लीलाधर पाल ने जिला शतरंज संघ दुर्ग की सराहना करते हुए कहा कि शहर में इस तरह के आयोजन समय समय पर होना चाहिए। ताकि खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिल सके। विशेष अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र सिंह राजपूत ने भी आयोजन की सराहना करते हुए सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं विजेताओं को अपनी शुभकामनाएं दी। सब जूनियर अंडर 15 बालक वर्ग में द्वितीय स्थान शुभम सिंह/5अंक/ तृतीय विराट अय्यर/ 5अंक/ चतुर्थ आकांक्षित साहू/5अंक/ अंडर 15 बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान काशवी जैन/ 4.5 अंक/ तृतीय परिधि लिलहरे/4.5 अंक/ चतुर्थ स्थान कोंडप्पा हर्षिता /4 अंक/ तथा सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान देवदत्त महानंद /4.5 अंक/ तृतीय बी पूजन /4.5 अंक / चतुर्थ स्थान प्रियांशु पाटले/4.5 अंक / महिला वर्ग में द्वितीय स्थान चरनजीत कौर/4अंक/ तृतीय सुषमा बैरिया /3 अंक / चतुर्थ स्थान इच्छा साहू /2 अंक /प्राप्त कर राज्य शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए। ये सभी चयनित खिलाड़ी भिलाई में आयोजित राज्य शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# विद्यार्थियों व खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** टाउन हॉल बेमेतरा में आज जिले के समस्त हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल एवं स्रोत समन्वयकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री शर्मा ने वर्ष 2025 की हाई व हायर सेकंडरी परीक्षा में राज्य प्रावीण्य सूची एवं जिले के टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है, और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं ईमानदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सफलता केवल परीक्षा परिणाम से नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास से मिलती है। विद्यार्थियों को उन्होंने खेलकूद, नैतिक शिक्षा एवं रचनात्मकता की ओर भी प्रेरित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए उसके बिंदुवार क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया तथा उपस्थित जनों को उल्लास शपथ दिलाई। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने बैठक में शाला प्रवेश उत्सव, पाठ्यपुस्तक वितरण, स्कैनिंग, गणवेश व सायकल वितरण, एक पेड़ माँ के नाम, विद्युत देयकों का भुगतान, विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन व गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए कार्ययोजना सहित परीक्षा परिणामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी श्री सुनील कुमार झा, प्रोग्रामर नेहिल वर्मा एवं चंदन देव ने समग्र शिक्षा, यू-डाईस अद्यतीकरण, शाला अनुदान, आईसीटी ट्रेनिंग, व्यावसायिक शिक्षा, पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग तथा सामग्री की गुणवत्ता निरीक्षण जैसे विषयों पर प्रस्तुति दी।



# टीबी मुक्त भारत अभियान: मरीजों को मिला पोषण का साथ

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कबीरधाम जिले में एक मानवीय और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है। जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा की अगुवाई में 'निक्षय मित्र' योजना को जनसहभागिता का संबल मिल रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री वर्मा ने आज कवर्धा विकासखंड के चार टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीन युक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया, जिससे उनके उपचार को गति मिलेगी और स्वास्थ्य लाभ भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि ÷निक्षय मित्र योजना÷ स्वास्थ्य सेवाओं में सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। टीबी के इलाज में दवा के साथ-साथ पोषण अत्यंत आवश्यक है और समाज से मिलने वाला यह सहयोग मरीजों को शारीरिक एवं मानसिक विकास में लिए सहयोग भी होगा।



कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप टीबी मुक्त भारत अभियान को जिला स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ÷निक्षय मित्र÷ योजना के अंतर्गत समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी, व्यवसायी, संस्था अथवा संगठन को यह अवसर दिया गया है कि वे टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आएं और उन्हें इलाज के साथ-साथ पोषण का भी सहारा दें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ÷टीबी मरीजों को नियमित दवा के साथ संतुलित पोषण मिलेगा, तो उनके जल्द स्वस्थ होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने स्वयं ÷निक्षय मित्र बनकर कवर्धा विकासखंड के चार मरीजसुशीला भारती, टिकेश्वर साहू, सेखु साहू और गनेशिया धुर्वे को गोद लिया तथा उन्हें पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान की। इस पहल में जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग श्रीमती अनुपमा तिवारी की भी सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में ÷निक्षय मित्र÷ अभियान को गति दी जा रही है और अब तक अनेक स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों द्वारा मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। टीबी एक संक्रामक रोग है, जो लापरवाही और कमजोरी की स्थिति में तेजी से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह या अधिक समय से खांसी आना, भूख कम लगना, लगातार वजन घटना, शाम को बुखार आना और सीने में दर्द शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में यह लक्षण दिखें तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर बलगम की जांच करानी चाहिए। समय पर जांच और इलाज से टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। कबीरधाम जिले में जनवरी से मई 2025 तक कुल 394 टीबी मरीज चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें कवर्धा ब्लॉक में सर्वाधिक 180, पंडरिया में 94, बोड़ला में 63 और लोहरा में 57 मरीज सामने आए हैं। जिन्हें जन सहयोग से उनके बेहतर देखभाल और स्वास्थ्य सुधार के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक केजराम साहू पिता सुकालू साहू निवासी ग्राम गड़वा तहसील साजा जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम गड़वा पहनं 05 रानिमं साजा ग्रामीण तहसील साजा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं 424/2 रकबा 0.16 हेक्टेयर का आवासीय प्रयोजनार्थ वयपवर्तित करने हेतु बी-1,नक्शा,खसरा,अधिकार अभिलेख की प्रति पेश कर भू-राजस्व की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा हो तो दिनांक 15/07/2025 तक स्वयं अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय मे शाम 5:00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है बाद मे प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2025 को मेरे हस्ताक्षरएवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका नंदेश्वरी शर्मा पति संजय शर्मा निवासी ग्राम बनरांका तहसील थान खम्हरिया जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम कुरदा पहनं 00 रानिमं तहसील थान खम्हरिया मे स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं 526/35 रकबा 0.02 हेक्टेयर/ 2200 वर्गफीट भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ वयपवर्तित करने हेतु बी-1,नक्शा,खसरा,अधिकार अभिलेख की प्रति पेश कर भू-राजस्व की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा हो तो दिनांक 15/07/2025 तक स्वयं अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय मे शाम 5:00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है बाद मे प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2025 को मेरे हस्ताक्षरएवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी थान खम्हरिया जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

राप्रक्र----/ब-121 सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकिशन पिता बैसाखू जाति तेली निवासी ग्राम कोपेडबरी तहसील थान खम्हरिया जिला बेमेतरा द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके दादा स्व.जोगीराम क मृत्यु दिनांक 21/02/2025 को ग्राम कोपेडबरी मे हुआ है।अतएव जिसी किसी को आपत्ति हो तो दावा आपत्ति पेशी दिनांक 03/07/2025 तक कार्यालय मे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

आवेदक अपने दादा नाम स्व.जोगीराम का मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है जो देने हेतु इस न्यायालय में आवेदन लंबित है।

अतः आज दिनांक 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी थान खम्हरिया जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पाटन पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202506100900115 ब/121 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सावनी प.ह.नं. 17 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक देवलाल पिता मेहत्तर निवासी सावनी, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम सावनी प.ह.नं. 17 तहसील पाटन स्थित भूमि खसरा नंबर 483/2 रकबा 0.10 हे. आवेदक के नाम पर दर्ज होना किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक देवलाल पिता मेहत्तर निवासी सावनी, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 14/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार पाटन

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र....अ/6 (अ) वर्ष 2024-25
ग्राम पोंड़ पहनं. 08 रा.नि.मं. तोरला
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ / वा-1/ तह./2025 नवापारा, दिनांक 26.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जगतु पिता इंदरमन निर्मलकर निवासी ग्राम पोंड़ के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम पोंड़ पहनं. 08 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 112, 2270/1, 2281/2, 2282 रकबा क्रमशः 0.18, 0.06, 0.13, 0.13 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.50 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज था, जो आवेदक को बंटवारा वर्ष 1997 से प्राप्त हुआ, जिस पर आवेदक निर्विवाद रुप से काबिज है। अभी वर्तमान में भुवन लाल वर्मा के द्वारा आवेदक की भूमि को मेरा कहकर विवाद करने लगा अभिलेख की जांच किया गया कि, ख.नं. 112 आवेदक के भाई शिवचरण, ख.नं. 2277 शिवप्रसाद, ख.नं. 2281 आबादी भूमि तथा भूमि ख.नं. 2282 पर भूमिस्वामी का नाम ही अंकित नहीं किया गया है। इस प्रकार आवेदित भूमि में हुए उपरोक्त त्रुटि को सुधार करने हेतु आवेदक द्वारा आवेदन पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 11.07.2025 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार गोबरा नवापारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक/263/वा.-1/अविअ./2025
महासमुंद, दिनांक 30/06/2025
ग्राम- तुमगांव, प.ह.नं. 30
देवराज जैन पिता तेजमल जैन
निवासी ग्राम तुमगांव
तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.)
विरुद्ध ......... आवेदक
छ.ग. शासन ......... अनावेदक

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण **ग्राम-तुमगांव प.ह.नं. 30** तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवराज जैन पिता तेजमल जैन निवासी ग्राम महासमुंद, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम तुमगांव, प.ह.नं. 30 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1951/11 रकबा 0.5362 हेक्टे. में से 0.40 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद

## न्यूज ब्रीफ

### नयापारा, मौहारीभाठा में पुलिस सहायता केंद्र खोलने की मांग

**महासमुन्द।** छ.ग. शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के नगर आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में भेंट मुलाकात के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, पार्षद द्वय भाउराम साहू, पियूष साहू, भाजपा नेता हनीष बग्गा, शरद मराठा, गौरव राठी ने 2 दिन पूर्व थाना परिसर में वार्ड नं. 28 के पार्षद विजय साव को असामाजिक तत्वों द्वारा चाकू से हमला का जिक्र किया और बताया गया कि ये असामाजिक तत्व मेडिकल नशा के आदि थे। इस घटना की गहरी जांच के साथ कठोर कार्यवाही की आवश्यकता है। मंत्री जी ने मामले गंभीरता से लेते हुये कहा कि कार्यवाही जारी है। उनसे आग्रह किया गया कि शहर के दो बड़े हिस्से नयापारा के शिव चौक एवं मौहारीभाठा में पुलिस सहायता केन्द्र खुलवाया जाये।



### अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत

**महासमुन्द।** छ.ग. शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के नगर आगमन पर स्थानीय एकता चैक में भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक शहर मोर्चा अध्यक्ष नईम खान के नेतृत्व में भव्य स्वागत फुल माला एवं आतिशबाजी फ्टाका फोड़कर किया गया। मंत्री विजय शर्मा ने अल्पसंख्यक मोर्चा से कहा कि मुसलमान समाज को भी भाजपा से जोड़े। हमारी पार्टी राष्ट्रवाद पर काम करती है। नईम खान को अपने प्रतिनिधि मण्डल से कार्यालय आने का न्योता दिया। स्वागत में प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा के फातिमा बेगम, अभिषेक डेनियल, मुस्लिम जमात के सदर हाजी जमील चैहान राजू, शेर मोहम्मद, नासिर खान, अनवर हुसैन, आशिफ धनवानी, फिरोज खान, शहीद भाई, हफीज भाई, तबरेज खान, शेख वाजिद, मीरजा आरिफ शेख जाहिद, जाहिद चैहान, शेख सुलेमान, सोहेल भाई, अमन, रजा भाई, सैफ चैहान, करफू राव के साथ समाज जन बड़ी संख्या में थे।



### प्रकृति की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी

**महासमुंद।** स्थानीय एम इंग्लिश मिडियम स्कूल पुराना रावण भाठा में संचालक राकेश श्रीवास्तव, शिक्षक स्टाफ व स्कूली बच्चों ने मां के नाम पौधरोपण किया। इस दौरान संचालक श्रीवास्तव ने कहा कि एक पौधे पृथ्वी में वातावरण को अनुकुल रखते है हमें शुद्ध वायु के साथ औषधियां भी प्राप्त होती है किंतु मनुष्य अपने स्वार्थ के कारण जंगलों को नष्ट करते जा रहा है इससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है इसका असर मानव जीवन पर पड़ रहा है।



# शिविरों से जनजातीय समाज के सैकड़ों हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में एवं छग शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में धरती आबा जनभागीदारी ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले में सोमवार को अंतिम लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का शत.प्रतिशत लाभ उपलब्ध कराना है।



सोमवार को जिले के चार प्रमुख विकासखंडों महासमुंद के ग्राम परसदा ख, बागबाहरा के ग्राम हाथीबाहरा, पिथौरा के ग्राम परसवानी और बसना के ग्राम नवागांव में शिविरों का आयोजन हुआ। इन शिविरों में संबंधित जनप्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित हुई बल्कि समुदाय में विश्वास का वातावरण भी बना। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड वितरण, आयुष्मान भारत कार्ड, श्रमिक पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निर्माण श्रमिक योजनाएं, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, स्वरोजगार प्रोत्साहन योजनाएं एवं विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी और सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गई। इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए जनजातीय समाज के सैकड़ों लोग शिविरों में पहुंचे और उन्होंने अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया। शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि हितग्राहियों को योजनाओं की जटिल प्रक्रिया से गुजरने की बजाय एक ही स्थान पर समस्त जानकारी और सहायता प्राप्त हुई। इससे न केवल सेवाओं की पहुंच में आसानी आई, बल्कि योजनाओं के प्रति समुदाय की जागरूकता भी बढ़ी। इस दौरान बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग सभी ने उत्साहपूर्वक सेल्फी प्वाइंट पर जाकर अपनी यादगार तस्वीरें भी खिंचवाई और शिविर के इस विशेष अवसर को कैमरे में संजोया। सेल्फी प्वाइंट न केवल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहाए बल्कि इससे ग्रामीणों में शासन की इस पहल के प्रति जागरूकता और जु?ाव भी देखने को मिला। महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम परसदा ख शिविर में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 47 हितग्राहियों को विभिन्न संबंधित योजनाओं से लाभान्वित करने पंजीयन किया गया। जिसमें आधार कार्ड के लिए 02, राशन कार्ड के लिए 05, जाति व निवास प्रमाण पत्र के लिए 12.12, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 05 पात्र हितग्राहियों एवं बिहान योजना के तहत 10 सदस्यीय आदिवासी समूह का पंजीयन किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम परसवानी शिविर में 124 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीयन किया गया। इनमें 12 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 06 का राशन कार्ड, 21 का आयुष्मान कार्ड, 13 का जाति प्रमाण, 19 का निवास प्रमाण पत्र, 6 कृषकों का केसीसी, 8 किसानों का पीएम किसान सम्मान के तहत एवं 2 गर्भवती महिलाओं का पीएम मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। 2 हितग्राहियों का जनधन खाता खोला गया।

# दसवीं-बारहवीं के टॉपर बच्चों का होगा सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बोर्ड परीक्षाओं में पुनः मूल्यांकन और प्राइवेट स्कूलों को पाठयपुस्तक प्रदाय किए जाने की मांग की। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री लहरें ने कहा कि पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा में पुर्न मूल्यांकन के लिए शासन द्वारा कोई प्रावधान नही रखा गया है। संघ के मांगों को शासन के समक्ष रखने का प्रायस करेंगे।



इसी तरह संघ ने मांग की कि अशासकीय विद्यालय के बच्चों को पाठयपुस्तक नही दी जाती इस पर उन्होंने उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। संघ की ओर से जिलाध्यक्ष जार्ज रावटे, ब्लाक अध्यक्ष माधवराव टांकसाले, पारस चोपड़ा, एमआर विश्वनाथन, आरके तिवारी, कुबेरगिरि गोस्वामी, आरके श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। श्री टांकसाले ने बताया कि संघ द्वारा 13 जुलाई को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में महासमुंद ब्लाक के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के 10-12 वीं के टापर बच्चों को सम्मानित करने कर निर्णय लिया गया है।

उन्होंने समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्रीय के प्राचार्यो से अनुरोध किया है कि टापर बच्चों का नाम ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर भलेसर रोड भेजें।

# शनिदेव मंदिर में मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए अमर



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** ग्राम केडियाडीह; सिरपुरद्ध में नवनिर्मित शनिदेव मंदिर में भगवान शनिदेव की प्रतिमा स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया। जिसमें जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर शामिल हुए।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों ने अपना काम काज बंद कर उप?स्थिति दी। यह मंदिर गांव के श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास से बनाया गया है। पूजा कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठजनए महिलाएंए युवा एवं बच्चों सहित समस्त जाति.धर्म के लोग शामिल हुए। पूजा पश्चात पूर्व जिपं सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि धर्म केवल पूजा नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सामूहिक चेतना को जाग्रत करने का माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी आह्वान किया कि ऐसे आयोजन प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से किए जाएं और ग्राम को एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मानस मंडलियों द्वारा श्रीराम चरित मानस की प्रस्तुति, विभिन्न देवताओं की झाँकी की प्रस्तुति दी गई। इन झांकियों को गांव की युवा मंडलियों और महिला समितियों ने मिलकर तैयार किया था। जिनकी कलात्मकता, भावप्रवणता और सांस्कृतिक गहराई ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ जनों ने पुराने परंपराओं की चर्चा करते हुए युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा दी। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, व्यापारी वर्ग और कृषकों ने मिलकर इस आयोजन को एक पूर्ण धार्मिक सम्मेलन का स्वरूप दिया।

# पौधारोपण कर खरपतवार को किया नष्ट




समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किए गए पौधरोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के पौधें एवं ईको गार्डन में पहले से लगे हुए पौधों की कटाई छटाई कर खरपतवार को नष्ट कर अवांछित कचरे को जलाने का कार्य किया गया इसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि पौध रोपण करने के बाद पौधों की नियमित देखभाल करना आवश्यक है समय समय पर पानी की व्यवस्था कर अनावश्यक खरपतवार को नष्ट करना चाहिए। इससे पौधों का विकास अच्छे से होगा। पौधरोपण कार्यक्रम व्याख्याता परस राम सिन्हा,व्याख्याता गण नेश लाल धृतलहरे, श्रीमति नीलू सोनी, रविप्रकाश, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान शिक्षक, पुष्कर भारती,उदेश्याम यादव, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, कार्तिक राम यादव, मिर्जा रईस फिज्रा ठाकुर, छाया पटेल, वेदिका सेन, सीमा साहु, धनेश्वरी सेन, जान्हवी साहु, योगेश्वरी साहु, पुजा साहु, आयुषी साहु, भूमिका साहु,किरणसेन, मुदित यादव, नीलेश देवांगन सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिले के शिक्षक विहीन स्कूलों को मिले स्थायी शिक्षक

### युक्तियुक्तकरण नीति से शिक्षा को मिली नई बेहतर व्यवस्था

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप प्रदेश के हर स्कूल में पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण नीति को सफ्लतापूर्वक लागू किया गया है।

शासन के निर्देशानुसार शिक्षकों का समायोजन काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से करके उन्हें उन स्कूलों में भेजा गया जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता थी। महासमुंद जिले में इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे कई स्कूलों में अब स्थायी शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे न केवल छात्र.छात्राओं को उचित मार्गदर्शन और विषय विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा, बल्कि अभिभावकों में भी संतोष और विश्वास की भावना उत्पन्न हुई है। शासन के निर्देशानुसार जिले में विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए अतिशेष शिक्षकों का समायोजन उन स्कूलों में किया गया, जहां विषयवार शिक्षकों की अत्यंत आवश्यकता थी। इस काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से बसना विकासखंड में 126, सरायपाली में 152, पिथौरा में 139, महासमुंद में 211 और बागबाहरा में 75, इस प्रकार कुल 703 शिक्षकों का नियमानुसार समायोजन किया गया। छोटेटेमरी, गढ़गांव, धुमाभांठा और गिधापाली जैसे विद्यालय, जहां वर्षों से स्थायी शिक्षक नहीं थे और पढ़ाई की व्यवस्था स्थानीय समन्वय या वैकल्पिक व्यवस्था से संचालित हो रही थी, अब वहाँ नियमित शिक्षकों की पदस्थापना से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है। कई ऐसे विद्यालय, जो बीते 25 वर्षों से केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे थेए अब बहुशिक्षकीय विद्यालय बन चुके हैं। शिक्षकों की पदस्थापना पर विद्यालयों में हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों ने जहां खुशी जाहिर कीए वहीं ग्राम पंचायत, सरपंचों और जनप्रतिनिधियों द्वारा नवपदस्थ शिक्षकों का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया। इस सकारात्मक पहल से न केवल स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगाए बल्कि विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से मार्गदर्शन मिलने से उनका भविष्य अधिक सुदृढ़ और उज्ज्वल बनेगा।

# नारी सशक्तीकरण पर गायत्री परिवार की हुई कार्यशाला

### कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ नारी जागरण आंदोलन की प्रमुख प्रशिक्षिका डॉ कुंती साहू एवं उनके सहयोगी शांता साहू उपस्थित रहीं



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** वंदनीया माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के पूर्व आयोजन की श्रृंखला में जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बरोडा चौक में किया गया। यह आयोजन नारी जागरण और उनके सर्वांगीण विकास हेतु एक प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ।

कार्यशाला का उद्देश्य नारी शक्ति को जागृत कर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जन.जन तक पहुँचाना तथा महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा चलाए गए नारी सशक्तिकरण अभियान को आगे बढ़ाते हुए वंदनीया माताजी के नेतृत्व में प्रारंभ किए गए नारी जागरण आंदोलन की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ नारी जागरण आंदोलन की प्रमुख प्रशिक्षिका डॉ कुंती साहू एवं उनके सहयोगी शांता साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए सभी बहनों को गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे सप्त आंदोलन में भागीदारी करने कहा। यज्ञ के माध्यम से सभी संस्कार कराने में पारंगत हो, इसके लिए साप्ताहिक गोष्ठी आयोजित कर स्वाध्याय व प्रशिक्षण का क्रम बनाने का संकल्प दिलाया। पुंसवन संस्कार हमारे आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाते हैं इसकी जानकारी सरल कोसरिया द्वारा दी गई । अंत में सभी बहनों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सुश्री शशि प्रभा थिटे, श्रीमती हेमलता साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन खेमीन साहू एवं पूर्णिमा साहू ने किया। सभी ब्लॉक प्रमुखों एवं इकाई प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में भारत साहू, नरेश साहू ,आशीष,ललित मेश्राम ,बोधराम, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू, जगमोहन साहू, परस चौहान, दुलारी चंद्राकर, निशा चंद्राकर, प्रेमलता साहू, मनोरमा साहू, पिंकी सेठ, गरिमा, नीतू, उमा, प्रेमशिला एवं अन्य बहनों का विशेष सहयोग रहा।

# बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए पूर्व विधायक विनोद

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** ऑल इंडिया कॉंग्रेस कमेटी की ओर से बिहार चुनाव के लिए 58 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिसमें पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर सहित छत्तीसगढ़ के 4 वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया गया है। प्रदेश से श्री चंद्राकर सहित पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर बघेल को एआईसीसी द्वारा बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।



बिहार चुनाव में संगठन की जीत के लिए ये सभी पर्यवेक्षक अलग.अलग विधानसभा क्षेत्रों में जिला से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे तथा पार्टी की जीत सुनिश्चित करने सभी को एकजुट करेंगे। पर्यवेक्षक बनाए जाने पर पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि बिहार चुनाव में कांग्रेस इस बार भी महागठबंधन का हिस्सा है, ऐसे में पार्टी को मजबूत करने देश भर से 58 अनुभवी व वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बिहार दौरे पर जाएंगे तथा अपने.अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक समीक्षा शुरू कर पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत व लगन से कांग्रेस को न केवल स्थानीय स्तर पर मजबूत करेंगे, बल्कि महागठबंधन की साझा रणनीति को धरातल पर उतारेंगे।

# पीएम सूर्य घर योजना से हितग्राही हो रहे लाभान्वित, कहीं बिजली बिल शून्य या न्यूनतम, पर्यावरण को भी लाभ

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य देश के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफ्टॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल से न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है।

महासमुंद जिले के अनेक नागरिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। महासमुंद के त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी श्री अजय कुमार श्रीवास ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम स्थापित कराया है। उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में लगे सोलर पैनल को देखकर प्रेरणा ली और योजना की जानकारी जुटाकर लगभग छह माह पूर्व



आवेदन किया। पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद उनका बिजली बिल अब शून्य हो गया है, बल्कि माइनस में जाकर उन्हें क्रेडिट यूनिट का भी लाभ मिल रहा है। श्रीवास ने कहा यह योजना वास्तव में आम जनता के लिए लाभकारी पहल है। इससे न केवल बिजली खर्च से राहत मिली है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देने का अवसर मिल रहा है। हर परिवार को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। महासमुंद के गांधी चौक निवासी ऋषभ बाफ्ना ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम लगवाया है। उन्होंने बताया कि एक मिल में सोलर पैनल देखकर उन्हें प्रेरणा मिली और उन्होंने योजना का लाभ लेने का निर्णय लिया। मात्र दो माह में ही उन्हें सौर ऊर्जा का लाभ मिलने लगा है।

पूर्व में उनके दो अलग-अलग मीटरों पर कुल 15000 रुपए तक का बिजली बिल आता था जो अब घटकर लगभग 1500 रुपए के आसपास रह गया है। उन्होंने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए कहा सोलर पैनल लगाने से हम न केवल बिजली बिल में कमी ला रहे हैं, बल्कि पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता भी घटा रहे हैं।

### सौर ऊर्जा से मिल रहे लाभ से खुश होकर दयालू राम ने बताया किसानों के लिए इसे अत्यंत उपयोगी एवं लाभप्रद

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के घरों में लगाए गए सोलर पैनल पूरे देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य की भाँति बालोद जिले के हितग्राहियों के लिए भी अत्यंत लाभकारी एवं उपयोगी साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बालोद जिले के अनेक घरों को किफायती दर पर बेहतर रोशनी एवं विद्युत आपूर्ति की सुविधा प्राप्त हो रही है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को मिल रहे न्यूनतम दर पर बेहतरीन सुविधा के फ्लस्वरूप बालोद जिलेवासियों में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इस योजना की सफ्लता एवं सार्थकता का आंकलन इसी बात से किया जा सकता है कि बहुत ही कम अवधि में बालोद जिले के सभी विकासखण्डों से अब तक कुल 27 हितग्राही इस योजना के अंतर्गत अपने-अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर इसका समुचित लाभ ले रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपने घर में सोलर पैनल लगाकर इसका समुचित उपयोग कर रहे विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डीलोहारा निवासी एवं हिन्दूस्तान जिंक लिमिटेड के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री दयालू राम कोसमे ने सोलर ऊर्जा से मिल रहे लाभ से प्रसन्नचित होकर इसे अपने जैसे अनेक हितग्राहियों के लिए अत्यंत लाभप्रद एवं उपयोगी बताते हुए इसकी भूरी-भूरी सराहना की है।

# सतनामी समाज के एलएल कोशले प्रदेशाध्यक्ष, दिनेश सहसचिव बने

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज प्रदेश कार्यकारिणी की चुनाव 29 जून को रायपुर के कालीबाड़ी चौक में स्थित बंगाली शिक्षण संस्थान में रखा गया जहां कुल 1442 संरक्षक, आजीवन व साधारण सदस्य मतदाताओं में प्रदेश भर के कोने.कोने से समाज के पसंदीदा प्रदेशाध्यक्ष चुनने 1158 लोगों ने अपना मत का प्रयोग किया। मतगणना पश्चात प्रदेशाध्यक्ष पद के तीन प्रत्याशियों में से संस्थापक प्रदेशाध्यक्ष रहे एलएल कोशले रायपुर को 833 मत के साथ विजयी घोषित किए।



इसी प्रकार प्रदेश महासचिव के लिए दो प्रत्याशियों में मोहन बंजारे पलारी व प्रदेश उपाध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों में डॉ दिनेश लाल जांगड़े बिलाईगढ, सरजू प्रसाद घृतलहरे पलारी, रेशमलाल घृतलहरे दुर्ग को विजयी घोषित किया। शेष सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

महासमुंद जिला से दिनेश बंजारे सहसचिव,पी एल कोसरिया प्रवक्ता और एस आर बंजारे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य घोषित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को महासमुंद से जिलाध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे, उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, हीरालाल कोयल, जिला सचिव रेखराज बघेल, भोजनाथ मधुकर, विजय मिर्चें, सचिन गायकवाड़, सोमनाथ टोंडेकर, राजेश रात्रे, चित्र कुमार भारती, चिंता साय, श्यामलाल बारिक, मुरलीधर बारीक, तरुवर कोसरिया, राजेश रात्रे, तेजराम चौलिक, कुमारी भास्कर, पुरुषोत्तम घृतलहरे व जिला तथा ब्लॉक अठगंवा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### शहर में धीमे चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई



**गरियाबंद।** वरिष्ठ अधिकारीयों के निर्देश अनुसार यातायात पुलिस के द्वारा दिनांक 24 से 28 जून 25 तक जिला मुख्यालय के बस स्टैंड से निकलते समय धीमा वाहन चलाकर व जगह जगह सवारी लेकर रोड में अवरोध उत्पन्न करने वाले 13 बसों के विरुद्ध 10000/ रुपए समन शुल्क तथा बस स्टैंड के आस पास अवरोधक पार्किंग करने वाले अन्य 32 वाहनों के विरुद्ध 42000/ हजार रूपये शमन शुल्क के साथ कुल 43 वाहनों के विरुद्ध 49000/ रूपये ,(उनचास हजार रुपए ) शमन शुल्क का चलानी कार्यवाही किया गया।ज्ञात हो कि शहर के अंदर मेन रोड में यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु धीमा चलाकर अवरोध उत्पन्न करने वाले बस वाहनों के विरुद्ध व बस स्टैंड के पास रोड किनारे नो पार्किंग में पार्किंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध लगातार MV Act की कार्यवाही जारी रहेगा।

### टोनाटार हाई स्कूल में मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**भाटापारा।** ग्राम टोनाटार के शासकीय शाहिद धनंजय वर्मा हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम विद्यालय परिवार एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं शाला में अध्ययनरत बच्चों एवं नवप्रवासी बच्चों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा एवं शाला में कार्यरत शिक्षकों के द्वारा सभी छात्र छात्राओ को मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया गया एवं विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र छात्राओ को शासन द्वारा प्रदत्त पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया उक्त कार्यक्रम में शांति ध्रुव एवं सरपंच विष्णु कोसले एवं रोहित कुमार धीवर कुलेश्वर वर्मा उमेश कांत यादव देव कुमार ध्रुव दौलत कुंजाम रामेश्वर लहरी शशिकांत डहरिया युनेश्वरी ध्रुव गणेश वर्मा राजकुमार लहरे सुनील कुमार ठाकुर उपस्थित थे ।

### सुरखी में शाला प्रवेश उत्सव हुआ

**भाटापारा।** ग्राम सुरखी के स्कूल में शाला प्रवेश



उत्सव का कार्यक्रम सपन्न हुआ उक्त कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओ को निशुल्क गणवेश वितरण एवं पाठय पुस्तक समाग्री का वितरण किया गया स्कूल में जल भराव की स्थिति को देखते हुए मैदान समतलीकरण कराने का निर्णय लिया गया उक्त कार्यक्रम में ज्योति धृतलहरे सुदर्शन बंजारे महेन्द यादव लेखराम साहू राजेश शर्मा चंद्रशेखर वर्मा सरोज यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# शराब दुकान बंद होने के प्रशासकीय आदेश जारी होने तक जारी रहेगा धरना

**समवेत शिखर संवाददाता**

**आरंग।** ग्राम खौली में शराब दूकान खोलने के इच्छुकों से शासन द्वारा निविदा आमंत्रित करने के चलते बीते 25 जून से धरना - प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह द्वारा शराब दूकान न खुलने देने के कथित वादे के बाद आज ग्रामीणो की बैठक में वादे पर ऐतबार तो किया? गया लेकिन बतौर ऐहतियात प्रशासनिक आदेश जारी होने तक धरना को जारी रखने का निर्णय लिया । प्रतिनिधि मंडल व श्री गुरु के बीच हुयी चर्चा व किये गये वादे की जानकारी श्री गुरु के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे पूर्व क्षेत्रीय जनपद सदस्य संजय शर्मा ने धरना में बैठे ग्रामीणों को दी।

ज्ञातव्य हो कि बीते मार्च माह में ही खौली में शराब दूकान खोलने के प्रयास की जानकारी मिलने के साथ ही ग्रामीणों ने एक दिनी धरना - प्रदर्शन का आयोजन कर अपना विरोध दर्ज कराया था । इस आयोजन में शिरकत करने आये क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में से एक शराब विरोधी मुहिम में जुटे किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने शराब दूकान खोलने पंचायत द्वारा प्रस्ताव दिये जाने का रहस्योद्घाटन कर माहौल को गर्म कर दिया था जिसका पंचों द्वारा विरोध भी किया गया। इससे गर्म हुये माहौल के ?बीच ही सरपंच द्वारा प्रस्ताव देने की जानकारी देते हुये बतलाया गया कि मंदिर हसौद तहसीलदार द्वारा अपने कार्यालय में उसके सहित पंचायत सचिव व कम्युनिस्ट आपरेटर को अपने कार्यालय में



बुला जबरिया प्रस्ताव लिखवाया गया है जिसकी जानकारी पंचों को नहीं है। इस पर इसकी लिखित शिकायत शासन - प्रशासन के उच्च अधिकारियों से करने का आग्रह किया गया जो मिली जानकारी के अनुसार नहीं किया गया है । इधर इसके बाद क्षेत्रीय विधायक से मिलने गये प्रतिनिधि मंडल द्वारा कथित रूप से आश्वासन मिल जाने की जानकारी दिये जाने से संतुष्ट ग्रामीणों ने आंदोलनात्मक रुख़ न अपनाने का निर्णय ले लिया । इसी जुलाई माह में खौली में शराब दूकान खोलने के लिये जगह उपलब्ध कराने के इच्छुक ग्रामीणों से निविदा आमंत्रित किये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बीते 25 जून से पुनः धरना - प्रदर्शन शुरू कर दिया जिसे नजदीकी ग्रामों के जनप्रतिनिधियों सहित प्रबुद्ध व जागरूक ग्रामीणों का समर्थन दिनोंदिन बढ़ रहा था । इधर इस आयोजन से जुड़े सूत्रों के अनुसार शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय नजदीकी ग्राम टेकारी निवासी श्री शर्मा ने जबरिया प्रस्ताव के विरुद्ध शिकायत न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये धरना में शिरकत न कर नैतिक समर्थन देते हुये ग्रामवासियों से एकजुटता दिखा जगह देने निविदा न डालने व? पंचायत द्वारा जगह उपलब्ध न कराने पर किसी भी हालत में प्रशासन द्वारा शराब दूकान न? खोल पाने की ओर आगाह करते हुये ग्राम की शासकीय भूमि पर प्रशासन द्वारा जबरिया शराब दूकान खोलने की स्थिति में आंदोलनात्मक रुख़ अपनाने के साथ - साथ ऐसे करने वाले अधिकारी के खिलाफ उसके व्यक्तिगत नाम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की सलाह दी है । इधर जानकारी के अनुसार बीते कल धरनास्थल पहुंचे।

# सुरेन्द्र दुबे को भाटापारा की श्रद्धांजलि सभा में किया गया याद

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** अंतर्राष्ट्रीय कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे को स्थानीय साहित्यकार, राजनेता, पेंशनर्स, पत्रकार एवं शिक्षाविदों ने भावभीनी श्रद्धांजलि एक कार्यक्रम में दी। वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती ने कहा कि डॉक्टर सुरेंद्र दुबे के चले जाने से साहित्य जगत के एक युग का अंत हो गया है। सबको हँसाने वाले जाते-जाते सबको रुला गए। लोग उन्हें सदियों तक भूल नहीं पाएंगे। पूर्व विधायक नरेंद्र शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी की सोंधी खुशबू को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने वाले डॉक्टर सुरेंद्र दुबे का योगदान हमेशा याद किया जायेगा। रघुनाथ प्रसाद पटेल ने दुबे जी को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताते हुए छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रति उनके आगाध प्रेम को स्मरण किया। राजकुमार शर्मा ने कहा कि रचनाकार हमेशा अमर होता है वह अपने विचारों के माध्यम से सदियों तक जिंदा रहते हैं डॉक्टर दुबे भी सदियों तक अमर रहेंगे। बृजेश अग्रवाल ने दुबे जी की मिलनसारिता को याद किया कि कैसे वे एक फोन पर किये निवेदन को भी स्वीकार कर लेते थे। नरेंद्र वर्मा ने कहा - छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिलाने में डॉक्टर सुरेंद्र दुबे की अहम भूमिका थी। वे अंतिम सांस तक छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में जोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अजय साहू कन्हैया साहू इंदरानी साहू,निवेदिता वर्मा,वंदना गोपाल शर्मा, स्वर्ण लता त्रिवेदी,सुभाष भट्टर,नरेश शर्मा, के.एन. यदु , आशाराम अनंत, चंद्रभान पाल, दिलीप सिंह बिसेन, अशोक पंत,रमेश कुमार वर्मा, के के वर्मा कमल नारायण यदु सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# राजस्व अधिकारी खनिज विभाग से समन्वय कर अवैध खनन पर करें कार्रवाई : कलेक्टर

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**समवेत शिखर संवाददाता**

**गरियाबंद।** कलेक्टर बी.एस.उइके ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।उन्होंने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से अविवादित नामांतरण,डायवर्सन,सीमांकन,भू-अर्जन, त्रुटि सुधार,वृक्ष कटाई,आर.बी.सी. 6-4, आय,जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की जानकारी ली।साथ ही स्वामित्व योजना एवं एग्री स्टेक अंतर्गत किसानों के पंजीयन की भी जानकारी ली।

साथ ही लंबे समय से दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सलाह भी दिये।कलेक्टर ने जिले के सभी राजस्व



अधिकारियों को खनिज एवं वन विभाग से समन्वय कर अपने क्षेत्रों में खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन पर निगरानी रखकर लगातार कड़ी कार्यवाही करते रहने के निर्देश दिये।उन्होंने सभी अधिकारियों को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन में सलंग्न चैन माउन्टेन आदि वाहनों का राजसात करने की भी प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण करें। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का शत् प्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी कृषि विभाग से समन्वय कर अभियान चलाकर किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक में करवाये। किसनों के पंजीयन होने से उन्हें आगामी सत्र में समर्थन मूल्य में धान बेचने में सहुलियत होगी।कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार-नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर तेजी से निराकृत किया जाए।

कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में कहा कि सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के लिए आर.आई.एवं पटवारियों की टीम बनाकर गंभीरतापूर्वक कार्य करें।उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमलों को गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों को अनावश्यक अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। समय-सीमा के भीतर ही सभी प्रकरणों को निराकृत कर लिया जाए।कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में माता पहुंचनी कार्यक्रम हुआ

**समवेत शिखर संवाददाता**

**गरियाबंद।** असाढ़ माह में देवी शीतला मंदिरों में माता पहुंचनी पूजा शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में काफी उल्लास के साथ मनाया गया।यह पर्व प्रत्येक वर्ष साल के आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष और महाप्रभु जगन्नाथ के रथयात्रा पर्व के बाद गुप्त नवरात्रि में मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ की धरती त्यौहार और पर्वो की धरा मानी जाती है और यहां पर्व और त्यौहारों की कमी नहीं है। इसी कड़ी में शीतला जुड़वास या माता पहुंचनी का विशेष महत्व होता है। माता शीतला का मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गाँव में होता है और इसे ग्राम देवी के नाम से जाना जाता है और मान्यता के अनुसार मुख्य रूप से गांवों में सुख-शांति और समस्त रोगों का निवारण का प्रतीक माना जाता है और इसकी पूजा से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। ग्रामीणों का मानना है कि इस माता पहुचानी के दिन अपने ऊपर तेल



और हल्दी का घोल जो माता शीतला से उतारा जाता है उसे अपने ऊपर छिड़कवाने से बच्चों में पाए जाने वाली खसरा सेन्द्री जिसे ग्रामीण माता कहते है उस बीमारी के होने की संभावना नही होती। गरियाबंद क्षेत्र में इन दिनों शीतला मन्दिरों में माता शीतला में माता पहुचानी का पर्व प्रारम्भ हो चुका है।जिसमें ग्रामीणों द्वारा माता की पूजा अर्चना हो रही है और शीतला मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

# तूता में पौधारोपण एवं खेल सामग्री समर्पण का हुआ कार्यक्रम

### विधायक ने किया शुभारंभ, 'मन की बात' कार्यक्रम में भी हुए शामिल

**समवेत शिखर संवाददाता**

**नवापारा-राजिम ।** ग्राम पंचायत तूता में आज विविध सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया तथा बच्चों के लिए खेलकूद सामग्रियाँ, जैसे घिसलपट्टी, झूला इत्यादि समर्पित की गईं।

इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक इन्द्रकुमार साहू के करकमलों से किया गया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



कार्यक्रम के पश्चात विधायक श्री साहू भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को भी सामूहिक रूप से सुना।गांववासियों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सरपंच संघ जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, अभनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष, सरपंच भरत बैस, जेठू राम यादव, गायराम पटेल, झड़ी राम पटेल, संदीप बैस,भूषण बैस, मानसिंह ध्रुव, सुशील साहू,राजा बैस,दीनू बैस, कौशल्या कोमल धृतलहरे, पंडित हरिप्रसाद तिवारी, हेमंत यादव, गुलशन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# देश की तात्कालीन परिस्थितियों के अनुसार उठाया गया संवैधानिक कदम था आपातकाल: यशवंत

**समवेत शिखर संवाददाता**

**नवापारा-राजिम।**भाजपा नेताओं द्वारा अपातकाल के संदर्भ में दिये गये बयान पर कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य यशवंत धनेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा नेताओं को देश की असली हकीकत नहीं दिख रही हैं। छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता बिना मोदी. शाह की सहमति से एक शब्द नहीं बोल सकते।

छत्तीसगढ़ के निर्वाचित सांसद छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधि अपने राज्य की जनता किसानों के हित में एक शब्द बोलने की हिम्मत नहीं रखते। धान की कीमत राज्य को खाद की आपूर्ति जैसे मसलों पर छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता कुछ नहीं बोल पाते, उन्हें डर रहता है मोदी. शाह नाराज हो जायेंगे। राज्य सरकार बिना मोदी, शाह की सहमति से एक भी निर्णय नहीं ले सकती है। जनता द्वारा चुनी गयी सरकारों और जनादेश को धन बल के सहारे तथा राजभवनों से हस्तक्षेप करवा कर सरकारों को हड़पने की भाजपा और उसकी केन्द्र सरकार के अघोषित आपातकाल के सबसे बड़े उदाहरण है। आपातकाल देश की तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार उठाया गया संवैधानिक कदम था। संविधान के अनुच्छेद के तहत तत्कालीन केंद्र सरकार ने आपातकाल लगाया था। आपातकाल को देश की संसद की मंजूरी के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति के द्वारा लगाया गया था। वर्तमान में भाजपा की केन्द्र सरकार तो पूरे देश में अघोषित आपातकाल लगा कर रखी है।



असहमति के स्वर को दबाने के लिये केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई और ईडी का धौंस विपक्ष के नेताओं को दिखाया जाता है। देश की महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं की स्वात्यता को नष्ट कर दिया गया है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता संदिग्ध हो गयी। मोदी सरकार की मंशा और कुछ समाचार चैनलों पर जबरिया थोपा गया एजेंडा बन गया है। देश के किसानों को 8 महिने से अधिक समय तक आंदोलन करना पड़ा, सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थी। इससे बड़ा अलोकतांत्रिक कदम और आपातकाल क्या हो सकता है कि प्रजातंत्र की सबसे बड़ी पंचायत संसद के उच्च सदन में बिना बहस विधेयक पारित करवा दिया जाता है ।

# शाला प्रवेश उत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम में विधायक हुए शामिल

**समवेत शिखर संवाददाता**

**नवापारा-राजिम ।** अभनपुर विधायक इंद्रकुमार कुमार साहू ने सोमवार को विकासखंड के ग्राम भोथीडीह में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीसाहू ने बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए और मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। गुलाल और तिलक से बच्चों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर शिक्षा की इस नई यात्रा की शुरुआत को उत्सव में बदला गया। अपने संबोधन में विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहाँ से बच्चों का संपूर्ण विकास आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति जैसी योजनाएँ इसी दिशा में मजबूत कड़ी हैं। विधायक श्रीसाहू ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह बच्चों के सोचने-समझने और व्यवहार में बदलाव लाने वाली होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया



कि वे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा, ÷हमारा प्रयास होना चाहिए कि गांव का हर बच्चा स्कूल आए, शिक्षा पाए और आत्मनिर्भर बने। उन्होंने अभिभावकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय रुचि लें। आप अपने बच्चों से रोज पूछें कि आज स्कूल में क्या सीखा? इससे बच्चे न केवल उत्साहित होंगे, बल्कि शिक्षक भी बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षा के महत्व को समाज तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है। बताना जरूर होगा कि कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, भाजपा किसान नेता युधिष्ठिर चंद्राकर, जनपद सभापति ब्रह्मानंद साहू, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, दयालुराम गाड़ा सहित भारी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे । उपस्थित अतिथियों के द्वारा÷ एक पेड़ माँ के नाम ÷÷अभियान के तहत 50 पौधों को रोपण किया गया । इस अवसर पर सरपंच-पंचगण, शिक्षकगण, ग्रामीणजन और छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जो व्यक्ति पर पीड़ा समझ सकता है, वह व्यक्ति मानव से देव बन जाता है

**समवेत शिखर न्यूज**

**अहमदाबाद।**एक गांव में एक कसाई रहता था। उसे किसी प्रकार के संस्कार नहीं मिले, इसलिए वह प्राणियों की हिंसा करके आनंद लेता था। बेचारे अबोल प्राणी अपने मुख से कुछ नहीं बोल पाते थे। सिर्फ जब वे चीखे-चिल्लाते थे, उसे देखकर वह कसाई मजा लेता था। कहते हैं कितने लोग दूसरों को पीड़ा करने में आनंद मनाते हैं।

अहमदाबाद में बिराजित प्रखर प्रवचनकार, संत मनीषि, गच्छाधिपति पू.आ.देव राजयश सूरीश्वरजी महाराजा श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते हैं कि पशु एवं मनुष्य में फर्क क्या है? पशु विचार शून्य है, जबकि मनुष्य विचारवान है। मानलो, एक बिल्डिंग में आग लगी है। कुत्ता पार्किंग में गाड़ी के नीचे बैठा है और मानव दूसरी मंजिल में अपने प्लेट में टी.वी. देख रहा है। आग के देखकर मानवी टीवी की मजा छोड़कर अपने प्राणों को बचाने बिल्डिंग से बाहर आकर कुछ दूरी पर खड़ा रहेगा जबकि कुत्ते को पता है आग लगी है परंतु वह विचार शून्य पशु है, इसलिए वह जहां बैठा है, वहीं पर बैठा रहेगा। उसमें समझ नहीं है कि बिल्डिंग के जल जाने से खुद की मौत होगी।

प्रवचन की धारा को आगे बढ़ाते हुए पूज्यश्री फरमाते हैं कि मानव क्रूर है उसे प्राणियों पर दया नहीं है इसीलिए वह कसाई प्राणियों की हिंसा करते हुए आनंद ले रहा था। एक दिन अचानक कसाई की उंगुली पर वह छुरी लग गई और वह दर्द असत्य होने से वह चीखने-चिल्लाने लगा। कुछ क्षण के लिए तो वह अधमूरा सा हो गया। जब वह स्वस्थ हुआ तो उसे विचार आया, अब तक मैं प्राणियों की हिंसा करके मजा ले रहा था आज मुझे पता चला दर्द क्या होता है?

पूज्यश्री फरमाते है 'जो व्यक्ति पर पीड़ा का दर्द समझ सकता है, वह व्यक्ति मानव से देव बन जाता है। जिस मानव में दया नहीं वह मानव, मानव होते हुए भी पशु तुल्य है। जिस व्यक्ति में दया है, दूसरों की पीड़ा का दुःख है वह व्यक्ति सही दर्ज में मानव है और यही मानव आगे जाकर देव गति को पाता है। अब तक वह कसाई मानव होते हुए भी पशु तुल्य था अब उसमें समझ आई और वह मानव बना।



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

मन-वचन-काया से भी किसी को पीड़ा न हो उस प्रकार की सावधानी मानव को बर्तनी है। परंतु कितने को होता है हरियाली पर चलने से मजा आता है इसलिए वे गार्डन में शाम को घूमते फिरते है। पूज्यश्री फरमाते है जिसे पर पीडा का दुःख होता है तथा जो दूसरों की पीडा को दूर करता है उसमें अध्यात्मता प्रगटती है। जिसमें अध्यात्म भाव जागे वह व्यक्ति हर तरह से सावधान रहेगा तथा दूसरों को पीडा न हो उस प्रकार से बर्ताव करेगा।

दशवैकालिक सूत्र में शय्यंभव सूरि महाराजा ने बताया, जयं बरे, जयं चिट्ठे, जयं मासे जयं सअे, जयं मुंजंतो भासंतो, पावं कम्मं न बंधई।। हरेक व्यक्ति को जयशा पूर्वक चलना, उठना-बैठना-सोना-खाना एवं पीना चाहिए जिससे पाप कर्म का बंध न हो। हमें पूरी तरह से सावधानी रखनी है कि कोई भी जीव हमारे कारण किसी भी प्रकार से पीडित न हो। अब तो इतिहास ही बदल गया है एक दूसरे के सामने स्नेह भरी नजर से देखने के बजाय नफरत भरी दृष्टि से देखते है। मीठे बोल बोलने के बजाय कड़वे वचनों के तीर बरसाते है। नौकर हुआ तो क्या? सीएम हो के पीएम हो या मील के मालिक हो, हमारा जीवन इस प्रकार का बनाना है कि किसी को मन-वचन अथवा तो काया से भी दुःखी नहीं करना, पर की पीड़ा को दूर करना वहीं हमारा उद्देश्य होना चाहिए। जिस आत्मा से इस प्रकार से पर पीडा का दुःख दूर करने की भावना पैदा होती है वहीं व्यक्ति संयम लेने के योग्य है।

आप किसी भी प्रकार की प्रवृत्ति करो उसमें आसक्त न बनो। विषयों में आसक्त बनने वाले वाले का कर्मबंध जरूर होता है। चाहे करोड़पति हो या अरबोपति हरेक के घर में जब कोई बच्चा जन्म लेता है तब वह नग्न ही जन्म लेता है। हम कुछ साथ में लेकर नहीं आए और मृत्यु के बाद भी कुछ साथ में लेकर नहीं जाएगें। सोना-चांदी के दागी ने भी यदि मृत देह पर लगाया जाय तो वह भी साथ नहीं जाएगा फिर ऐसे विषयों पर आसक्ति किस काम की! आत्मा तो एक प्रवासी है उसे तो देह को छोड़कर जाना ही पड़ेगा फिर मोह करने तो से क्या फायदा! बस, प्रवृत्ति करो तो ऐसी करो तुम्हारे में अध्यात्म भावना जगे और शीघ्र तुम्हें आत्मा से परमात्मा बनाये।

# 32 लाख से अधिक के होने वाले निर्माण कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

**समवेत शिखर संवाददाता**

**नवापारा राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू ने किया लाखों रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमि पूजन । ग्राम तामासिवनी में विधायक श्रीसाहू ने लगभग 32 लाख रुपए की लागत से होने वाले 4 निर्माण कार्यों के लिए सोमवार को भूमि पूजन किया।



जिसमें सामुदायिक भवन, महिला भवन, आंगनबाड़ी, प्रसव कक्ष निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन साहू समाज भवन ग्राम तामासिवनी में किया गया । विधायक इंद्रकुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोगों को लगता है कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास नहीं हो रहा है। लेकिन सरकार और हम सब मिलकर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए काम कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र का कोई भी हिस्सा अलग नहीं है। हम व्यवस्थित विकास योजना बनाकर काम करेंगे। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष चंद्रिका जितेंद्र बंजारे, तोशन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, किशोर साहू, बिहारी साहू, निर्मल साहू, रूपेश निर्मलकर, खोरबाहरा साहू, ताराचन्द्र तारक, नरेंद्र साहू, सहित भारी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शहर के नजदीक स्थित पतरापाली गांव में पहुंचा हाथियों का दल



**पत्थलगांव।** ग्राम पतरापाली में दर्जनों हाथी ने जमाया डेरा लोगो का हुजूम मौजूद मिली जानकारी अनुसार ग्राम पतरा पाली के झेराडीह में दो दर्जन हाथी पहुच गए है। जिससे आसपास के गाँव के लोग मुश्किल में है। वन विभाग की टीम ग्राम पतरा पाली में मौजूद है लोगो को हाथी के नजदीक जाने से मना कर रहे है पर लोग है कि मान नही रहे सैकडो की संख्या में लोग इन हाथियों को देखने पहुच रहे है। पहले भी ग्राम पतरा पाली में हाथी पहुच चुके है पर इस बार हाथियों की संख्या बहुत ज्यादा है।

### बिलासपुर-काचेगुडा-बिलासपुर के मध्य 4 फेरो के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा अब चर्लपल्ली तक ही चलेगी

**भाटापारा।** रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की भीड़भाड़ को ध्यान मे रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक स्पेशल ट्रेन क्रमांक 08263/08264 बिलासपुर-काचेगुडा-बिलासपुर के मध्य 04 फेरो के लिये चलाने की घोषणा की गयी थीं । उक्त स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 07 एवं 14 जुलाई 2025 को काचेगुडा के लिए रवाना होगी । इसी प्रकार काचेगुडा से दिनांक 01, 08 एवं 15 जुलाई 2025 को बिलासपुर के लिए रवाना होगी । रेल्वे प्रशासन ने काचेगुडा रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म में आवश्यक कार्य के लिए इस गाड़ी को काचेगुडा के स्थान पर चर्लपल्ली तक ही चलाने की घोषणा की है। यह गाड़ी काचेगुडा एवं चर्लपल्ली के बीच नहीं चलेगी।

### तबादला

**नवापारा राजिम।** गोबरा नवापारा तहसील के दोनों तहसीलदार राजकुमार साहू और सृजन सोनकर का, रायपुर कलेक्टर द्वारा 7 अन्य तहसीलदार व नायब तहसीलदार के साथ, तबादला कर दिया गया है। 30 जून को जारी आदेश में तहसीलदार राजकुमार साहू को भू-अभिलेख रायपुर (राजस्व प्रगति समीक्षा हेतु संलग्न) जबकि सृजन सोनकर को अतिरिक्त तहसीलदार खोरपा (अभनपुर) पदस्थ किया गया है । वहीं विक्रांत सिंह राठौर (नायब तहसील अभनपुर) को गोबरा नवापारा तहसीलदार और लवन कुमार मंडन (सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख रायपुर) को नायब तहसीलदार तहसील गोबरा नवापारा पदस्थ किया गया है ।

### मंडे मानसून अपडेट-15 दिन में 6.8 इंच बारिश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री को आज (30 जून) 15 दिन हो रहे हैं। 16 जून को मानसून एंटर हुआ था, तभी से प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। अब तक औसत 6.8 इंच बारिश हो चुकी है, जो 2 इंच ज्यादा है। ग्वालियर-चंबल संभाग के श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी और अशोकनगर के अलावा निवाड़ी जिले में सबसे अधिक पानी गिर चुका है, लेकिन शाजापुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, बैतूल और बुरहानपुर पिछड़े हुए हैं। इसके बाद भी ओवरऑल तस्वीर बेहतर है। मध्यप्रदेश में मानसूनी सीजन में आमतौर पर 949 मिमी यानी 37.36 इंच बारिश होती है। इसमें से अब तक 172 मिमी यानी, 6.8 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन का 10 प्रतिशत है।

# बेतरतीब पाइपलाइन विस्तारीकरण से ग्रामीण सड़कें हुईं खराब

» पीएचई विभाग ने गलत स्टीमेट तैयार कर ग्रावों की सूरत बिगाड़ी

» नल जल योजना के तहत बिछ रही है पाइपलाइन

समवेत शिखर संवाददाता



**थानखम्हरिया।** नल जल योजनांतर्गत तहसील क्षेत्र के सभी ग्रामों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने गांवगांव पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन का विस्तारीकरण किया जा रहा है जहां गड्ढे खोदे गये हैं। उसका मिट्टी उचित से फिलिंग नही कर पक्की सड़कों में बिछा दी गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन मे भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को साइकिल चलाना मुश्किल हो रहा है और आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। वर्तमान में सबसे अधिक ग्राम पंचायत दर्री से पेण्ड्रीकला व श्यामपुरकांपा जाने वाली लोक निर्माण की पक्की सड़क अब मिट्टी में परिवर्तित हो गया है।

तहसील मुख्यालय से महज 5 किमी दूर ग्राम दर्री, पेण्ड्रीकला व श्यामपुरकांपा जाने के लिए एक ही सड़क मार्ग है, जिसकी हालत खराब हो चला है। बारिश होते ही सड़क दलदल में तबदील हो जाती है, जिससे पैदल चलना दूभर हो जाता है। उक्त सड़क की हालत जर्जर तो थी ही कुछ हद तक आवागमन हो जाती थी, परन्तु जबसे ड्रीम प्रोजेक्ट नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हुआ है, तब से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। श्यामपुर कांपा से दर्री पेण्ड्री पहुंच मार्ग मुख्य मार्ग साजा थान खम्हरिया व थान खम्हरिया जिला मुख्यालय बेमेतरा को सीधे तौर पर जोड़ती है, मगर लोक निर्माण विभाग उक्त जर्जर मार्ग का बरसात पूर्व मरम्मत तक नहीं करा पाती है।

गौरतलब है कि थान खम्हरिया सहित तहसील क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में मीठा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नल जल योजना अंतर्गत पाइपलाइन का विस्तारीकरण किया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। पकडंडी को खोदकर मिट्टी को पक्की सड़कों में ही बिखेर दिया गया है, जिससे राहहगीरों को भारी असुविधाओं का सामना पड़ रहा है। थान खम्हरिया-साजा मुख्य मार्ग से दर्री, पेण्ड्रीकला व श्यामपुरकांपा पहुंच मार्ग सालों से जर्जर पड़ा था, जिसका लोक निर्माण विभाग मरम्मत तक नही कर पाई। बावजूद इसके ग्रामीण गुजारा करते थे, परंतु पाइपलाइन विस्तारीकरण मे मिट्टी को सड़कों पर बिखेरने से आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे ग्रामीणो मे रोष व्याप्त है।

सबसे अधिक स्कूली बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाते समय बच्चे साइकिल भी ढंग से नही चला पाते हैं। समूचे बेमेतरा जिले मे लोकस्वास्थ्य यंत्रिकी द्वारा जो पाइपलाइन का कार्य किया जा रहा है, जिसमे नियम विरूद्ध काम किया जा रहा वही निविदा शर्तो का पालन भी नही किया जा रहा है जो जांच का विषय है।ग्राम पेण्ड्रीकला व श्यामपुरकांपा के स्कूली बच्चे अध्यापन करने हाईस्कूल व हायरसेकण्डरी स्कूल खैरझिटीकला तथा दर्री स्कुल उसी रास्ते से होकर जाते है। विगत 3 दिनों से हुई बारीश के चलते सड़क मे चलना मुश्किल हो गया है। बच्चे 3 दिनों से स्कुल नहीं गए सड़क में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों को उक्त सड़क से राजस्व कार्य हेतु थान खम्हरिया तहसील मुख्यालय व आवश्यक कार्य हेतु थान खम्हरिया जा जाना पड़ता है जिसमे भारी समस्या होती है ग्रामीणों की कई शिकायत के बावजूद शासन प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि के कानो मे जूं तक नहीं रेंगती वही ग्रामीणों का कहना है, की शासन हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे पा रही है जगह जगह शराब भट्ठी खोलकर स्कूलों को बंद कर रही है। बीते दिनो देवरबीजा से 5 किमी दूर स्थित ग्राम गडुवा मे बीते रात लोकस्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग और लोकनिर्माण विभाग की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा हो गया पाइप लाइन के लिए खोदी गई गड्ढे तथा सड़क पर रखे पाइप से कार टकराकर अनियंत्रित हो गया और गड्ढे मे जा गिरा सीट बेल्ट बंधे होने और एयर बैग खुलने से गाड़ी मे सवार दो युवको की जान बाल बाल बची।

### लोक निर्माण के मरम्मत कार्य मे मिट्टी व गिट्टी के उपयोग से भी लोग परेशान

तहसील मुख्यालय सहित विभिन्न जर्जर सडको का लोक निर्माण धिभाग मरम्मत कार्य करा रही है जिससे भी लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,बरसात होते ही सडक कीचड़ मे बदल जाता है और ग्रामीणो को आवागम मे असुविधाएं हो रही है।प्रति वर्ष मरम्मत कार्य के नाम पर करोडो डकारने वाली लोक निर्माण विभाग जर्जर सडको का ढंग का भी मरम्मत नही करा पाती है वही उप अभियंता की कमजोरी के चलते ठेकेदार द्वारा घटिया कार्य को अंजाम दिया जाता है,साजा अनुविभाग अंतर्गत आने वाली सडको उमरावनगर, गोपालपुर, घिवरी, खैरझिटीकला, दर्री से श्यामपुरकांपा, खाती से गाडाघाट, अकोला से घिवरी, साजा से मोहतरा, ठेलका से बेलतरा बेलगांव, जैसे अनेक मार्ग की हालत खराब हो चला है जिसका मरम्मत तक नही की गयी है जिससे आवागमन मे असुविधा हो रही है।

# रसनी में घर के अंदर घुसा उदबिलाव

### कमरे के अंदर देख कर काम करने वाली महिला हुई बेहोश

समवेत शिखर संवाददाता



**आरंग।** ग्राम रसनी के विकास चन्द्राकर के घर अंदर घुस कर ऊदबिलाव ने मचाया उत्पात घर के लोग डर कर सहम गये। वहीं घर में काम करने वाली महिला उदविलाव को देखकर बेहोश हो गई। छः घंटे के कड़ी मशक्क़त के बाद वन विभाग के अमला ने पकड़ पाया तथा जंगल में ले जाकर छोड़ा। रात में चमकती है आँखें कब्र खोदकर लाश को खा जाता है यह ऊदबिलाव। श्मशान मे रहने वाला,तालाब के अंदर जाकर मछली को बनाता है अपना शिकार। ऐसे और चार ऊद बिलाव गाँव में घूम रहे है वन विभाग ने लोगो से अपील की है सावधान रहे रात में डरे ना दिखने पर विभाग को सुचना दे। उदबिलाव पीपल और आम के पेड़ो में करता है बसेरा, रात मे बच्चे का रोने का आवाज़ निकलता है।

# नान घोटाला : हाईकोर्ट ने ब्यूटी पार्लर संचालिका की याचिका खारिज कर दी

### ब्यूटी पार्लर संचालिका से 1.60 करोड़ की संपत्ति मिली, पूर्व मैनेजर की महिला मित्र ने अवैध कमाई पार्लर में निवेश किया

समवेत शिखर संवाददाता



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एसीबी की जांच में फंसी ब्यूटी पार्लर संचालिका की याचिका को खारिज कर दी है। छत्तीसगढ़ में नागरिक आपूर्ति निगम (नान) में हुए घोटाले के आरोपी पूर्व मैनेजर शिवशंकर भट्ट की महिला मित्र और ब्यूटी पार्लर संचालिका की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। महिला ने एसीबी के केस दर्ज करने के बाद आरोप तय करने के खिलाफ आपराधिक पुनरीक्षण याचिका (रिवीजन पिटीशन) लगाई थी।

मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने माना है कि ब्यूटी पार्लर संचालिका ने नान के पूर्व मैनेजर की अवैध कमाई को निवेश करने का षड्यंत्र किया है।

दरअसल, नागरिक आपूर्ति निगम में घोटाले की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू ने नान के मुख्यालय समेत कई अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान पूर्व मैनेजर शिवशंकर भट्?ट के आवास सहित अन्य ठिकानों पर भी दबिश दी थी। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि भट्ट ने 3.89 करोड़ की अवैध संपत्ति जुटाई थी, जो उसकी वास्तविक आय से कई गुना अधिक थी। ईओडब्ल्यू की जांच में पता चला कि पूर्व मैनेजर शिवशंकर भट्ट की महिला मित्र मधुरिमा शुक्ला ब्यूटी पार्लर चलाती है। उसने उसकी अवैध कमाई को निवेश कर षड्यंत्र किया है। लिहाजा, उसे भी सहआरोपी बनाया गया। एसीबी ने जांच के दौरान मधुरिमा के पास से 1.60 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। जबकि उसकी आय मात्र 24 लाख रुपए थी। इस मामले में चार्जशीट पेश होने के बाद स्पेशल कोर्ट ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(ई), 13(2) और आईपीसी की धारा 120-बी के तहत आरोप तय किए हैं। जिसके खिलाफ मधुरिमा ने हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।

आरोपी महिला मधुरिमा ने हाईकोर्ट में प्रस्तुत अपनी याचिका में बताया कि उसे सुनियोजित तरीके से फंसाया गया है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह तथ्यहीन हैं। उसने ब्यूटी पार्लर के व्यवसाय से संपत्ति जुटाई है। उसने किसी तरह का अवैध काम नहीं किया है और न ही किसी के पैसे निवेश किए हैं। इस मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एसीबी से दस्तावेज मंगाए। जिसके बाद दस्तावेजों का परीक्षण कराया गया। जिसकी जांच के बाद पाया कि मधुरिमा के पास 1.60 करोड़ रुपए की संपत्ति मिली। जबकि उसकी कुल वैध आय सिर्फ 24.74 लाख थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि उसने शिवशंकर भट्ट की अवैध कमाई को अपने नाम से निवेश कर षड्यंत्र में सक्रिय भूमिका निभाई है।

# यातायात व्यवस्था का बुरा हाल, यातायात जाम से लोग परेशान

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** शहर में इन दिनो एक बार फि र यातायात व्यव्स्था के अस्त व्यस्त हो जाने से लोग परेशान है खासकर रेल्वे स्टेशन क्षेत्र हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज बस स्टेंड कृषि उपज मंडी तिराहा सदर बाजार रामसप्ताह चौक फ ौवारा चौक सहित हटरी बाजार में अव्यवस्थि त यातायात के कारण लोग हलाकान है शहर के भीतर लगातार 24 घंटे छोटे बडे सभर प्रकार मालवाहक चौपहिया वाहन प्रवेश कर रहे है जिससे सडक यातायात बाधित हो रहा है।

वही आर्थिक व चालानी दंडात्मक कार्यवाही नही होने से सडक पर अपने दुकान का समान बोर्ड व वाहन रखकर बेखौफ रूप से लोग सडक यातायात को बाधित कर रहे है कुछ वर्ष पूर्व शहर के भीतर भारी वाहनो के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया था लेकिन अब पिछल्ले कुछ समय से शहर थाना से लेकर बस स्टेड से मुख्य मार्ग में सभी प्रकार के भारी वाहन जिसमें ट्रक टेक्टर माजदा छोटा हाथी व अन्य मालवाहक वाहन तेजी से 24 घंटे आ जा रहे है जिससे सदर बाजार हटरी बाजार रामसप्ताह चौक जयस्तभ चौ क तथा पंचायती मंदिर जैन मंदिर सती मदिर मार्ग में यातायात जाम से लोग हलाकान हो गये है इसी प्रकार बस स्टैड चौ क के चौराहे पर यातायात का नियंत्रण नही होने से वहा पर सुबह से देर रात तक यातायात जाम में लोग फ सकर भाटापारा शहर की प्रसासनिक व्यवस्था को कोसने लगे है।

बस स्टैड चौक मे भारी यातायात के दबाव के कारण रोजाना वहा पर कुछ न कुछ हादसा हो रहा है उसके बावजूद जिला पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था को बनाये रखने के लिए ध्यान नही दिया जा रहा है जबकि बस स्टेड चौक गोविन्द चौक फौवारा चौक महरानी चौक तरेंगा नाका तथा महासती मंदिर के पास पर्याप्त ट्रेफि क बल तैनात किये जाने की जरूरत है बस स्टेड चौक मे कुछ ही देर के लिये एक ट्रेफि क सिपाही मौजूद होता है उसके बाद एक लंबे समय तक कोई ट्रेफिक की व्यवस्था नही होने से यातायात जाम एक बडी समस्या बन गयी है वही ईतवारी राम यादव हायर सेकेंडरी स्कूल से लेकर जय स्तंभ चौक तक के मार्ग में अवैध पार्किग से चौपहिया वाहनो की लंबी कतार रखे जाने से समूचा सडक बाधित हो रहा है स्कूल कालेज के प्रारंभ हो जाने के बावजूद भाटापारा में ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में अब तक कोई ठोस प्रयास नही किये जाने से नागरिको में आक्रोश व्याप्त है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फिंगेश्वर में हुआ सिजेरियन प्रसव

### फिंगेश्वर सहित आसपास के ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा इसका लाभ

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फिंगेश्वर के लिए ऐतिहासिक दिन रहा जब राजिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू के प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फिंगेश्वर में सिजेरियन प्रसव का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रीमती निर्मला ध्रुव पति जागेश्वर ध्रुव ग्राम गदहीडीह वार्ड नंबर 15 का सफल सिजेरियन प्रसव कराकर शुभारंभ किया गया, साथ ही श्रीमती निर्मला ध्रुव का महिला नसबंदी भी किया गया।

विधायक महोदय के द्वारा ओटी कक्ष का उदघाटन के पश्चात प्रसव उपरान्त जच्चा बच्चा से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना व उपहार भेंट किये, विधायक महोदय के द्वारा ऑपरेशन कक्ष के शुभारंभ को निश्चित ही क्षेत्र की जन समुदाय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताया, जनसमुदाय को निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा, क्षेत्र की गर्भवती माताऐं जिनको प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव हेतु निजी चिकित्सालय जाकर मोटी रकम खर्च कर ऑपरेशन कराना पड़ता था, उनको ओटी कक्ष के शुभारंभ से निश्चित रूप से राहत मिलेगा, इस उपलब्धि हेतु क्षेत्र की जनताओं एवं अस्पताल स्टॉफको विधायक महोदय के द्वारा बधाईयां प्रेषित किया गया। सफल ऑपरेशन हेतु अस्पताल परिवार ने जो भूमिका निभाई है उसमें विशेष रूप से डॉक्टर सोमी चन्द्राकर स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजेन्द्र चौधरी निश्चेतना विशेषज्ञ, डॉ. विपिन कुमार लहरे, डा.भूपेन्द्र कुर्रे, डॉ. अंकिता अग्रवाल, डॉ. अमन विश्वास, स्टॉफनर्स - मनीषा ध्रुव, रजनी जैकब, अनिता साहू, कांति कंवर, मिथलेश ध्रुव, हेमा बघेल, प्रिया सिन्हा,रंजीता साहू, विधा टाण्डेकर, पर्यवेक्षक आशा पोददार, युगल किशोर साहू ओटी टेक्निशियन, चतुर्थ श्रेणी- देवनारायण ध्रुव कौशिल्या ध्रुव का विशेष सहयोग रहा। इस शुभारंभ अवसर पर जगदीश यदू पूर्व अध्यक्ष न.पं.फिंगेश्वर, चन्द्रशेखर साहू पूर्व सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, राजू साहू उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, सदस्य जीवन दीप समिति मोती निषाद ओमप्रकाश साहू, सीमा ठाकुर, प्रेमलाल टोण्डर श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव, गजेश्वर सिन्हा, टिकेश साहू, गजेन्द्र निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

ऑपरेशन कक्ष के सफल संचालन तैयारी में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. व्ही.के. हिरौंदिया ने बताया कि ऑपरेशन कक्ष के शुभारंभ होने से सिजेरियन प्रसव का लाभ क्षेत्र की जनताओं को मिलेगा यह हम सब के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में निश्चित रूप से हमें एक और उपलब्धि मिल गई।

इस अवसर पर विभाग से बीपीएम सौरभ विरमानी, बीईटीओ योगेश पराना, सहा.ग्रेड 02 उत्तम कुमार साहू, उदित कुमार ध्रुव, योगानंद चक्रधारी, अंजना साहू फार्माशिष्ट खोमेश्वर साहू, लोकनाथ साहू, विजय चेलक, प्रकाश साहू, सपना डे, चंचल गोस्वामी, एवं समस्त अस्पताल स्टॉफ उपस्थित थे।

# दर्रापारा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण मामले में प्रशासन हरकत में आया

### अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** केशोडार दर्रापारा में शासकीय भूमि में अतिक्रमण,प्रशासन मौन,दलाल बेखौफ-इस शीर्षक के साथ प्रकाशित समाचार ने प्रशासनिक व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है।वर्षों से चल रहे इस अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ आखिरकार प्रशासन ने पहली बार कठोर कदम उठाया है। खबर छपते ही राजस्व विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम द र ा ' प ा र ा पहुंचकरअतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज किया है।अब आगे देखना है कि क्या इन मामलों में केवल कागजी कार्यवाही कर इतिश्री कर ली जाएगी या फिर अतिक्रमण को तोड़ने की कठोर कार्रवाई भी होगी? स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों की नजरें अब प्रशासन की अगली चाल पर टिकी हुई हैं।वहीं,यह भी देखा जाना बाकी है कि जिन लोगों ने पैसों के लेन-देन के ज़रिए सरकारी ज़मीन पर कब्जा करवाया, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी या नहीं।

अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस बार केवल कागज़ी खानापूर्ति कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेगा,या फिर वास्तव में दोषियों के खिलाफ बुलडोज़र चलाकर एक सशक्त संदेश देगा? और क्या उन दलालों को भी कटघरे में खड़ा किया जाएगा जो वर्षों से सरकारी जमीन बेचने का धंधा चला रहे हैं?



यदि प्रशासन इस बार चूका,तो यह मामला न केवल एक प्रशासनिक विफलता का प्रतीक बनेगा,बल्कि भविष्य में अन्य अतिक्रमणकारियों के लिए भी एक खुला आमंत्रण होगा।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत डोंगरीगांव के आश्रित ग्राम केशोदार के दर्रापारा क्षेत्र में वन विभाग की तारबंदी से सटे शासकीय भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था।यह निर्माण कार्य प्रशासनिक अनदेखी और राजस्व विभाग की निष्क्रियता का जीता-जागता प्रमाण बन चुका था।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ लोगों ने आपसी लेन-देन के तहत शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण की शुरुआत कर दी थी। इस पूरी प्रक्रिया में दलालों की भूमिका बेहद सक्रिय रही।उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व एक वायरल वीडियो में शासकीय भूमि की खुल्लमखुल्ला खरीदी-बिक्री सामने आई थी,लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी।वही देखा गया है कि इस अतिक्रमण भरे जगह में विद्युत पोल तो लगा ही है साथ ही उस अतिक्रमण युक्त मकान में विद्युत मीटर लगा है और लाइट कनेक्शन भी दिया गया है जबकि विद्युत कनेक्शन लेने के लिए पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र जरूरी होता है,तो क्या इसमें पंचायत की मौन स्वीकृति है ये भी जांच का विषय है,क्योंकि जांच करने पर विद्युत विभाग में बिजली लगे घरों का पंचायत द्वारा अनापत्ति पत्र लगा है।वही डोंगरी गांव के सरपंच से पूछे जाने उन्होंने कहा कि मुझे लाइन लगवाने के नाम से अनापत्ति प्रमाण पत्र कोई नहीं मांगे है।इससे साफ जाहिर होता है कि पंचायत को भी भ्रमित कर लाइन लगवाया गया है।

स्थानीय लोगों की चेतावनी,सख्त कार्रवाई की मांग,,,पंचायत के स्थानीय नागरिकों ने प्रशासनिक निष्क्रियता पर नाराज़गी जताई है और मांग की है कि दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई हो।उनका कहना है कि यदि अब भी इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया गया,तो यह एक बड़े भू-माफिया घोटाले का रूप ले सकता है।

# रेल महाप्रबंधक ने सांसदों की बैठक में रेल समस्या पर की चर्चा



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ हुई । प्रथम तल सभागार मंडल कार्यालय में आयोजित उक्त बैठक सौहाद्रपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर की अध्यक्षता में हुई । इस बैठक स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, ट्रेनों की समयबद्धता, नई रेल सेवाओं की शुरुआत, मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन, ट्रेनों के ठहराव एवं विस्तार सहित स्टेशन पर उपलब्ध गुड्स शेड को स्थानांतरित कर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विकास करने व अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई । महाप्रबंधक ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं से रेल प्रशासन को अवगत कराने एवं विकासात्मक सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया। महाप्रबंधक ने बैठक में उठाए गए मुद्दों तथा सुझावों को नियमानुसार प्राथमिकता के साथ पूरा करने के प्रयास के प्रति आश्वस्त किया । बैठक में समीर कान्त माथुर ने सुझाव देने तथा बैठक को सफल बनाने हेतु सभी सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*

(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### जिले के सेजेस में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देश के अनुपालन में बस्तर जिले में संचालित स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर, तोकापाल, दरभा, करपावण्ड, किलेपाल, लोहण्डीगुड़ा, धरमपुरा, नानगुर, बकावण्ड, भानपुरी, माड़पाल, बास्तानार, करीतगांव, बड़ेचकवा, अलनार, करंजी एवं मांझीगुड़ा चिंगपाल के लिए शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय रिक्त एवं बैकलाग पदों पर संविदा नियुक्ति किये जाने हेतु कार्यालय कलेक्टर (शिक्षा विभाग) जिला बस्तर जगदलपुर के द्वारा 28 मार्च 2025 को जारी विज्ञापन में निहित शर्तों के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति जिला-बस्तर जगदलपुर की 07 अप्रैल 2025 को जारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा सेजेस किलेपाल विकासखण्ड बास्तानार हेतु विज्ञापित संविदा प्रयोगशाला सहायक के एक पद (अनारक्षित) एवं दो पद (अजजा) इस प्रकार कुल 03 रिक्त पदों को विलोपित किया गया था।

### मल्टी परपज एआई तकनीशियन प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**जगदलपुर।** कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग जगदलपुर द्वारा जिले के मैदानी स्तर पर गौवंशीय पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान सहित पालतू मवेशियों के टीकाकरण एवं उपचार में सहायता हेतु मल्टी परपज एआई तकनीशियन कार्यकर्ता प्रशिक्षण के लिए 10 वीं उत्तीर्ण इच्छुक युवाओं से आगामी 15 जुलाई 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है, साथ ही उन्हें बस्तर जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है। मल्टी परपज एआई तकनीशियन कार्यकर्ता का आवासीय गहन प्रशिक्षण वेटनरी पॉलीटेक्निक जगदलपुर में एक माह तक प्रदान किया जाएगा।

### शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों का 14 जून को जांच शिविर

**जगदलपुर।** जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कॉलेज, आईटीआई में संचालन होने वाली समस्त शैक्षणिक संस्थान वाहनों को उच्चत न्यायालय के निर्देशानुसार जारी गाईड लाईन अनुसार 14 जून 2025 को प्रातः 8 बजे कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कुरन्दी रोड आड़ावाल जगदलपुर में जांच शिविर आयोजित किया गया है। इस निरीक्षण हेतु वाहनों आवश्यक दस्तावेज का एक सैट सहित वाहन को अद्यतन कर प्रस्तुत होना है । इस हेतु समस्त स्कूल प्रबंधकों को सूचित किया गया है कि स्कूलीय वाहनों को नियत जांच शिविर में प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत वाहनों का उपयुक्तता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुज्ञा पत्र, निलंबन-निरस्तीकरण की कार्यवाही किया जाएगा और वाहन संचालित होते पाया जाएगा तो वाहन निरूद्ध भी किया जाएगा।

# जनदर्शन में समस्या को लेकर ग्रामीणों की उमड़ी भीड़, कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्या

**समवेत शिखर संवाददाता**

**नारायणपुर।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



आज जनदर्शन में संध्या कश्यप मुरियापारा द्वारा सेवा में उपस्थिति कराने, महिला मंडल गायत्री शक्तिपीठ गायत्री शक्तिपीठ में महिलाओं के शौचालय और स्नानघर निर्माण, बलदाय बडडे ग्राम कुकड़ाझोर द्वारा पेंशन की राशि प्रदाय किये जाने, सरपंच एवं अन्य ग्राम पंचायत सुलेंगा धौड़ाई द्वारा ग्राम पंचायत सुलेंगा धौड़ाई में हाईस्कूल नवीन भवन स्वीकृत एवं सुलेंगा धौड़ाई में बाजार शेड, रोड निर्माण हेतु, तिलक बाई ग्राम धौड़ाई द्वारा जमीन विवाद निराकरण हेतु, समस्त मजदूर ग्राम सूपगांव द्वारा मजदूरी भुगतान राशि दिलाने, सुत्री लता कोर्राम जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र धौड़ाई में 1 चिकित्सक उपलब्ध कराने, सुन्द्र करंगा एवं अन्य 4 ग्राम छोटेसुहनार द्वारा ग्राम पंचायत नेलवाड़ के सचिव से भुगतान दिलवाने, सरपंच एवं अन्य ग्राम वासी ग्राम पंचायत सुलेंगा धौड़ाई हल्बा समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटित करने एवं गोंडवाना समाज भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटित करने, कुमारी स्वीटी ग्राम छोटेडोंगर द्वारा डीएमएफ एनआरसी छोटेडोंगर बंद होने, तियारी राम भेड़िया एवं अन्य 2 ग्राम बेलगांव द्वारा विकासखण्ड ओरछा सेक्शन में मलेरिया दवाई अल्फासाइ प्रमेथील छिड़काव, सरपंच ग्राम पंचायत महिमागवाड़ी क्षतिग्रस्त पूर्व माध्यमिक शाला भवन को हटाकर नवीन शाला भवन स्वीकृति प्रदान करने, प्रवीण गोलछा पार्षद वार्ड 12 माडिन देवी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में प्रधानध्यापक या सहायक शिक्षक पदस्थ कराने एवं मशीन समस्या हेतु तथा श्रीमती मुन्नी पटेल ग्राम महिमागवाड़ी द्वारा महतारी वंदन हेतु आवेदन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

# रामकृष्ण मिशन आईटीआई में प्रवेश की तिथि 21 जुलाई तक

**समवेत शिखर संवाददाता**

**नारायणपुर।** रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर द्वारा संचालित एनसीवीटी नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। अभ्यर्थी डाक, ई-मेल के माध्यम से या संस्था में स्वयं उपस्थित होकर 21 जुलाई 2025 रात्रि 12 बजे तक आवेदन पत्र प्रेषित कर सकते हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्युतकार, मानचित्रकार सिविल, ट्रेक्टर मेकैनिक, फिटर, टर्नर, डीजल मेकैनिक, कोपा, वेल्डर, मेसन और वायरमेन आदि व्यवसाय का प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रवेश आवेदन पत्र संस्था में उपलब्ध है, जिसे संस्था में आकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है साथ ही संस्था के वेबसाईट में भी आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। संस्था में कार्यालयीन अवधि में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा करें। संस्था में नहीं आ पाने की स्थिति में प्रवेश आवेदन पत्र को सपूर्ण दस्तावेज सहित डाक के माध्यम से अथवा ई-मेल के माध्यम से प्रेषित करें। ई-मेल किया गया आवेदन पत्र की मूलप्रति प्रवेश के समय संस्था में जमा करना होगा। ईमेल अथवा डाक से प्राप्त अपूर्ण और अस्पष्ट प्रवेश आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

संस्था में उपलब्ध प्रत्येक व्यवसाय के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र में आवेदन करें। आवेदन पत्र में फोटो चस्पा कर 10वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः सलग्न करें। चयनसूची जारी होने के पश्चात् प्रवेश के समय स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति अनिवार्यतः जमा करनी होगी। आवेदन पत्र पर आवेदक अपना स्वयं का ई-मेल आई.डी. एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नम्बर स्पष्ट रूप से अनिवार्यतः अंकित करें।

# इरकभट्ठी के 55 परिवारों को हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से मिल रहा शुद्ध पेयजल

**समवेत शिखर संवाददाता**

**नारायणपुर।** नियद नेल्लानार योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य के पिछड़े और दूरदराज के इलाकों में बसे ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के जीवन स्तर को सुधारना है। योजना का मुख्य फोकस इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर है। इसका क्रियान्वयन विशेष रूप से वनांचल क्षेत्रों में किया जा रहा है, जहां विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी रही है। इसी के तहत् नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित अति संवेदनशील क्षेत्र ग्राम इरकभट्ठी, जो घने जंगलों और दुर्गम रास्तों से घिरा हुआ है, अब विकास की नई कहानी लिख रहा है। नियद नेलानार योजना के तहत् इस गांव को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित करने का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत यहां की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान किया गया है। गांव में 3 हजार 850 मीटर पाइपलाइन बिछाई गई है, साथ ही 10 हजार 000 लीटर क्षमता वाले 9 मीटर ऊंचे स्टेजिंग पर आधारित 4 सोलर जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इससे अब गांव के 55 परिवारों को हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

इससे पहले गांव में मात्र 5 हैंडपंप थे, जो पारा मोहल्लों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते थे। जल की कमी से खासकर महिलाओं को कई किलोमीटर दूर से पानी लाने की कठिनाई झेलनी पड़ती थी। अब जल जीवन मिशन के माध्यम से न केवल गांव की तस्वीर बदली है, बल्कि महिलाओं का जीवन भी सहज और सम्मानजनक बना है। यह योजना इराकभटी जैसे दूरस्थ गांवों में खुशहाली और स्वास्थ्य की नई रोशनी लेकर आई है।

# सेवानिवृत्त हुए 25 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने प्रदाय किया पेंशन प्राधिकार पत्र

**समवेत शिखर संवाददाता**

जगदलपुर। कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में सोमवार को आयोजित समारोह के अवसर पर जून माह में सेवानिवृत्त हुए 25 शासकीय सेवकों को कलेक्टर श्री हरिस एस ने पुष्पगुच्छ भेंट करने सहित शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया और पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवा काल के अंतिम कार्य दिवस के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास लगातार किया जा रहा है। साथ ही सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को तत्काल जीपीएफ प्राधिकार पत्र भी प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हरिस ने शासकीय सेवा के लिए शासन की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि पेंशन के लिए किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने पेंशन और अन्य स्वत्वों के भुगतान का समय पर निराकरण के लिए कोषालय और कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालय द्वारा कार्य करने के लिए बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी ने बताया कि अप्रैल माह में सेवानिवृत्त 25 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है।



वहीं 09 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को जीपीएफ प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने भी अपने अनुभव को साझा कर शासन-प्रशासन के द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजन को सराहनीय पहल निरूपित करते हुए आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालय के डिप्टी डायरेक्टर भारती कोर्राम कश्यप तथा जिला कोषालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

### भारत के आयुष शेट्टी ने जीता पहला वर्ल्ड टूर यूएस ओपन, तन्वी को फाइनल में मिली हार



**नई दिल्ली।** भारत के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग पर सीधे गेम में जीत के साथ अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता है। इसके साथ ही इस सत्र में भारत का खिताबी सूखा खत्म हुआ। 2023 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के कांस्य विजेता 20 वर्षीय आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट में 21-18, 21-13 से हरा दिया।

वहीं, महिला एकल फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा शीर्ष वरीय अमेरिका की बेवेन झांग से तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हारकर उप विजेता रहीं। अपना पहला वर्ल्ड टूर फाइनल खेल रहीं गैरवरीय तन्वी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। आयुष की यांग पर ये तीसरी जीत रही। उन्होंने इ साल के शुरू में मलेशिया ओपन और ताइपे ओपन में उन्हें हराया था। आयुष ने इस पूरे हफ्ते में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद जीत हासिल की थी। पुरुष एकल फाइनल की शुरुआत में स्कोर 6-6 से बराबर रहा था, लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने कई विनर्स लगाकर मिड तक यांग पर 11-6 की बढ़त बना ली। यांग ने अंतर को 13-11 तक कम कर दिया और 16-16 से बराबरी हासिल कर ली।

# वैभव सूर्यवंशी ने चार दिन में दूसरी बार बल्ले से उड़ाया गर्दा, इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर की धुलाई

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर बेतरीन प्रदर्शन किया है। भारत और इंग्लैंड की अंडर-19 टीमों के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। 14 वर्षीय युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी ने सभी का दिल जीत लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ इस दूसरे वनडे मैच में वैभव ने 45 रनों की तूफानी पारी खेली। पिछले मैच की तरह इस मुकाबले में भी वैभव अर्धशतक लगाने से चूक गए।

इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। तब कप्तान आयुष म्हात्रे बिना खाता खोले ही पहली गेंद पर आउट हो गए। इंग्लैंड को भारत के कप्तान की विकेट पहली ही गेंद पर मिल गई। लेकिन दूसरे सिरे पर बल्लेबाजी करने आए वैभव सूर्यवंशी खड़े थे। वैभव ने 34 गेंदों में 45 रनों की बेहतरीन पारी खेली। इस पारी में वैभव ने पांच चौके और तीन छक्के लगाए। वहीं भारत की अंडर-19 टीम बेहतरीन बल्लेबाजी कर रही है। वैभव सूर्यवंशी के 45 रन पर आउट होने के बाद विहान मल्होत्रा



और मौल्यराज सिंह छाबड़ा ने भारत की पारी को संभाला है। इस वनडे मैच में 20 ओवर के बाद भारत कास्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 116 रन हो गया है। विहान 49 गेंदों में 39 रन पर और छाबड़ा 39 गेंदों में 21 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी केशव महाराज ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका टीम के मौजूदा कप्तान केशव महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में नया कीर्तिमान हासिल किया है। दरअसल, केशव महाराज ने टेस्ट में 200 विकेट ले लिए हैं। ऐसा करने वाले वो पहले साउथ अफ्रीका स्पिन गेंदबाज बन गए हैं। केशव महाराज पिछले 9 सालों से साउथ अफ्रीका टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। 35 साल का ये खिलाड़ी टीम में लीड स्पिन गेंदबाज के तौर पर है। डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने के बाद साउथ अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा चोटिल हो गए थे। जिसके कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम की कमान केशव महाराज को सौंपी गई है। अब केशव महाराज ने टेस्ट करियर में 200 विकेट हासिल कर लिए हैं। केशव महाराज जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में अपना 59वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इस सीरीज में केशव महाराज ने 200वां विकेट लिया है।

### हेरा फेरी में बाबू राव की हुई वापसी, अक्षय कुमार के साथ सुलट गया मामला

**मुंबई।** अक्षय कुमार की प्रोडक्शन कंपनी द्वारा मुकदमा दायर किए जाने और ब्याज सहित 11 लाख रुपए लौटाने के बाद, परेश रावल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में पुष्टि की है कि वह हेरा फेरी 3 में वापस आ रहे हैं। मई से ही यह फिल्म सुर्खियों में है, जब परेश रावल ने एक एक्स पोस्ट के ज़रिए फिल्म से बाहर होने की घोषणा की थी। दो दिन बाद, अक्षय कुमार ने शूटिंग में बाधा डालने के लिए उन पर मुकदमा दायर किया था और मुआवजे के तौर पर 25 करोड़ रुपए की मांग की थी। जब परेश से हेरा फेरी 3 को लेकर हो रहे विवाद के बारे में पूछ गया, तो उन्होंने इस बात से इनकार किया कि ऐसा कोई विवाद है। कोई विवाद नहीं है। मेरा मानना है कि जब लोग किसी चीज़ को इतना पसंद करते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। दर्शकों के प्रति यह हमारी ज़िम्मेदारी है। दर्शकों ने आपको बहुत सराहना दी है। आप चीज़ों को हल्के में नहीं ले सकते। कड़ी मेहनत करके उन्हें यह दें। इसलिए मेरी राय थी कि सभी को एक साथ आना चाहिए, कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इसके अलावा और कुछ नहीं। अब सब ठीक हो गया है, परेश ने पॉडकास्ट पर कहा। जब उनसे फिर पूछा गया कि क्या अब सब कुछ ठीक है और क्या प्रशंसक फिल्म में तीनों को देखेंगे, तो परेश ने कहा कि पहले भी, इस कास्ट को फिल्म में साथ काम करना था। पहले भी एक होना था, लेकिन बस हमें खुद को सुलझाना था (हंसते हुए)। आखिरकार, वे सभी क्रिएटिव हैं, चाहे वह प्रियदर्शन हों, अक्षय हों या सुनील। वे कई, कई, कई सालों से दोस्त हैं। ऐसी खबरें चल रही थीं कि परेश रावल ने निर्देशक प्रियदर्शन के साथ अपने रचनात्मक मतभेदों के कारण फिल्म छोड़ दी थी।



# अब छत्तीसगढ़ में - सॉल्टी नर्ड : नए दौर के लिए एक बोल्ड नया अंदाज

**रायपुर।** ब्लिसवॉटर उद्योग ने साल्टी नर्ड को छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया है। यह खासकर उन लोगों के लिए बनाई गई है जो अपनी ड्रिंक में कुछ नया ट्राय करना पसंद करते हैं ड्ढ कुछ ऐसा जो स्मूद हो, लेकिन अपने अंदाज़ में थोड़ा बोल्ड भी। साल्टी नर्ड एक मॉडर्न सोच के साथ तैयार की गई है जो पुराने तरीके को एक नया ट्विस्ट देती है। इसमें चारकोल फ़िल्टर्ड टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे हर सिप में साफ़ और स्मूद टेस्ट मिलता है। यक्ष और रहस्य जैसी ड्रिंक्स बनाने वाले ब्लिसवॉटर की यह नई पेशकश सिर्फ एक ब्रांड नहीं है, बल्कि एक नया अनुभव है। चुनिंदा अनाज से बनी ये इतनी स्मूद है कि आप इसे सीधे, बर्फ के साथ या अपने स्टाइल में पी सकते हैं - बिना किसी मिक्सर के भी। ब्लिसवॉटर की फाउंडर वरना भट्ट बताती हैं, सॉल्टी नर्ड ÷एक सरल विचार से शुरू हुई ड्ढ थोड़ा मजेदार और आसान बनाना। ये थोड़ी अलग है, थोड़ी मस्ती भरी और आज के लोगों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाई गई है। सबसे खास बात ड्ढ ये इतनी स्मूद है कि इसे सीधे सिप करना भी मज़ेदार लगता है।÷ साल्टी नर्ड तीन अलग-अलग फ्लेवर्स में उपलब्ध है क्लासिक (सिंपल और क्लासिक कैपिटलिस्टिक कोला- मीठा, मसालेदार और पुरानी यादों वाला, इम्पीरियल सालटेड कैरमल -क्रीमी, रिच और थोड़ा स्वीट।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने युवाओं के लिए लॉन्च किया मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट

**मुंबई/रायपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस' लॉन्च किया है। यह एक मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जिसे ग्राहकों को दीर्घकालिक रूप से संपत्ति बनाने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

इस प्रोडक्ट को सिर्फ 1000 रुपए की मासिक प्रीमियम पर खरीदा जा सकता है। इससे युवा ग्राहक आसानी से नियमित निवेश कर सकते हैं और अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इसमें जीवन बीमा का लाभ भी शामिल है, जिससे ग्राहक के न रहने पर उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। श्री अमित पालटा, चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, ÷भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और मॉर्गन स्टेनली के

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

अनुसार 2028 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। देश की इस विकास यात्रा की कमान युवाओं के हाथ में है, जो कि कुल जनसंख्या का लगभग 65% हिस्सा है। यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (यूलिप) संपत्ति निर्माण का एक प्रभावशाली माध्यम हैं। युवा वर्ग को जल्दी निवेश शुरू करने और लंबे समय तक जुड़े रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हमने आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस लॉन्च किया है। यह एक किफायती और टैक्स-एफिशिएंट प्रोडक्ट है, जिसमें युवा सिर्फ 1000 रुपए प्रतिमाह की राशि से निवेश शुरू कर सकते हैं। श्री अमित पालटा ने आगे कहा, ÷इस प्रोडक्ट के टारगेट कस्टमर्स को ध्यान में रखते हुए, जो ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स से डिजिटल तरीके से जुड़ना पसंद करते हैं, हमने इसकी पूरी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल बना दिया है। उन्होंने कहा, ÷आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस में ग्राहकों को 25 अलग-अलग फंड्स और चार पोर्टफोलियो स्ट्रेटेजी में से चुनाव करने की सुविधा मिलती है।

ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार एक फंड से दूसरे फंड में स्विच कर सकते हैं, वह भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क या टैक्स के। इसके साथ ही, यह प्लान जीवन बीमा सुरक्षा भी देता है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिरता बनी रहती है। एक विशेष विकल्प के तौर पर ग्राहक 'वेवर ऑफ प्रीमियम' एड-ऑन बेनिफिट भी चुन सकते हैं, जिससे यदि किसी कारणवश पॉलिसीधारक मौजूद न हो, तब भी उनकी दीर्घकालिक बचत योजना प्रभावित न हो।

# केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया स्वस्थ जीवनशैली का मंत्र

**भोपाल।** गुरूवार को एक निजी संवाद कार्यक्रम के लिए राजधानी भोपाल पहुंची केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने स्वस्थ भारत को ही समृद्ध और विकसित भारत की नींव बताते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए हमें तेल, चीनी और नमक थोड़ा कम करना होगा, साथ ही तेजी से बढ़ते मोटापे की समस्या को भी ध्यान में रखना होगा।



उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए अनुमान जताया कि 2050 तक देश के 44 करोड़ लोग मोटापे का शिकार हो सकते हैं। वहीं वर्तमान में देश की 24 फीसदी महिलाएं व 23 फीसदी पुरुष मोटापे से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि मोटापे के खिलाफ लड़ाई को हम सब को मिलकर लड़ना है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने मध्य प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि, मोटापे के खिलाफ इस लड़ाई में आप सभी हमारा साथ दें और अपने आहार को संतुलित रखें, तेल कम, चीनी कम, नमक कम के मंत्र के साथ स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं। इस कार्यक्रम में अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति ने किया जनप्रतिनिधियों और प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति के तत्वावधान में त्रिस्तरीय पंचायत व निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए क्षत्रिय समाज के पंच, सरपंच, उप सरपंच, जनपद पंचायत, पार्षदों व जिला पंचायत सदस्यों के सम्मान का कार्यक्रम टी एस प्लाजा, केरा रोड, सिटी कोतवाली के समाने, जांजगीर में रखा गया था। जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। गणमान्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, माँ भारती व मां भारती के लाल वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के तेल चित्र पर दीपक प्रज्वलित कर व फूलमाला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति, जांजगीर के तत्वावधान में 29 जून को समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं प्रतिभावान छात्रों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में निर्वाचित समाज के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षद, सरपंच, उपसरपंच एवं पंच के पद पर क्षत्रिय समाज के 119 जनप्रतिनिधियों को मंच पर साल, स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभावान बच्चों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करना तथा युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को उनके दायित्वों की याद दिलाने और समाज के प्रति जवाबदेही बढ़ाने के लिए यह पहल की गई है। समिति के सदस्य देवेश सिंह ने कहा कि प्रतिनिधियों का सम्मान और प्रतिभाओं का प्रोत्साहन यही किसी समाज की प्रगति की असली पहचान है। एकजुट समाज ही बदलाव की दिशा तय करता है, और आज का यह आयोजन उसी का प्रतीक है।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बेलतरा रजनीश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। जनप्रतिनिधि यदि अपने मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध रहें, तो समाज और क्षेत्र दोनों का कल्याण संभव है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बिलासपुर दीपक सिंह ठाकुर ने कहा, शिक्षा और नेतृत्व दो ऐसे स्तंभ हैं जिन पर किसी भी समाज का भविष्य टीका होता है। ऐसे कार्यक्रम समाज के मनोबल को बढ़ाते हैं अतिथि वक्ता गुलाब सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जांजगीर ने कहा, प्रतिभा को मंच और प्रतिनिधित्व को दिशा देने का यह प्रयास सराहनीय है। समाज को चाहिए कि वह निरंतर ऐसे आयोजनों से अपनी नई पीढ़ी को प्रेरित करता रहे। सम्मानित अतिथि पुष्पेंद्र सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष और समाज के संगठन और सामाजिक चेतना पर बल देते हुए समाजजनों को बधाई दी। आमंत्रित अतिथि किशोर कुमार सिंह, पत्रकार नवभारत ने समाज को संगठित रहने में अपील की। रामेश्वर सिंह बैस, टीकम सिंह, किशोर सिंह पिसौद व अन्य प्रति निधियों के अलावा समाज के प्रतिष्ठित लोग भी शामिल थे,

इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के सदस्य भी उपस्थित हुए, समिति के मुख्य पदाधिकारी जिसमे उपाध्यक्ष शिवचमन सिंह, रवेन्द्र सिंह, राजेश सिंह समिति के सचिव सुरेश सिंह, सह सचिव श्रीवर सिंह, समिति के कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा छोटा व सह कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह हेमू की उपस्तिथि रही, इस कार्यक्रम के संचालन की मुख्य भूमिका में कार्यकारणी के सभी सदस्य जिसमे पवन सिंह चंदेल, किशोर सिंह गहलोत, संतोष सिंह, प्रशांत सिंह बंटी, लल्ला सिंह, मुकेश सिंह, प्रदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, युवराज सिंह निक्कू व निशु सिंह द्वारा अहम भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# एसपी ने सेवानिवृत्त सउनि. एवं प्रधान आरक्षक को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सह-सम्मान दी विदाई



समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर।** आज दिनांक 30.06.2025 को सहायक उपनिरीक्षक जो वर्तमान में परिवार परामर्श केंद्र जांजगीर एवं प्रधान आरक्षक पंचराम कश्यप जो रक्षित केंद्र जांजगीर में पदस्थ था। जिसका पुलिस विभाग में सेवाअवधि पूर्ण हो जाने से पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय के सभा कक्ष में शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई एवं उन लोगों के स्वास्थ्य जीवन एवं उज्वल भविष्य की कामना की गई।

उपरोक्त कार्यक्रम में छ्रस्क्र मुख्यालय विजय पैकरा, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, मुख्य लिपिक दिनेश शर्मा, स्थापना प्रभारी कृष्ण कुमार साहू एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# लोकतंत्र सेनानी राधेश्याम शर्मा पंचतत्व में विलीन राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** लोकतंत्र सेनानी एवं मीसाबंदी श्री राधेश्याम शर्मा का रविवार को दुखद निधन हो गया। वे वर्षों से जनसेवा और लोकतंत्र के मूल्यों के लिए समर्पित रहे।

उनका देहावसान समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। अकलतरा मुक्तिधाम में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय, एसडीएम अकलतरा श्री विक्रांत अंचल ,तहसीलदार श्री एस बी सोनी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि 26 जून को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया था।श्री शर्मा के निधन पर समस्त क्षेत्र में शोक की लहर है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

## प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर आवेदक को दें सूचना : कलेक्टर

### जनदर्शन में 91 आवेदन हुए प्राप्त

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को आत्मीयता के साथ सुना एवं अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर आवेदक को सूचना देने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए।

आज जनदर्शन में जिले के ग्राम पंचायत उदयभांठा निवासी पुष्पा दिनकर द्वारा ईलाज हेतु आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी स्थिति को समझते हुए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग अधिकारी को जिला चिकित्सालय ले जाकर जांच कराने एवं आगे का उपचार निःशुल्क कराने निर्देश दिए। ब्लाक नवागढ़ के ग्राम पंचायत खैरताल के आवेदक ने आरटीई के तहत निजी स्कूल में अध्ययनरत अपनी पुत्री के साथ प्राचार्य द्वारा आर्थिक स्थिति को लेकर प्रताड़ित करने पर अन्यत्र स्कूल में स्थानांतरण कराने हेतु आवेदन किया। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच करने एवं दोषी पाए जाने पर संबंधित संस्था के प्रचार्य पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तहसील मुख्यालय सारागांव निवासी श्री दिलहरण पटेल द्वारा एक्सीडेंट के कारण छूटे हुए प्राईम वन वर्क में सेल्समेन की ड्यूटी को पुनः ज्वाईन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आबकारी को आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। तहसील मुख्यालय बलौदा निवासी श्री कृष्ण कुमार सोनी द्वारा सीमांकन रिपोर्ट की पुनः जांच कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार बलौदा के आवश्यक जांच करने एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज जनदर्शन में आवास, पेंशन, ऋण प्रदाय, राशन कार्ड सहित अन्य विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए।

# उदय मधुकर को छग ग्रामीण पत्रकारिता रत्न सम्मान

## सामाजिक जागरूकता और बहुजन चेतना के लिए मिला राज्य स्तरीय सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** जिले के सक्ती विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अचानकपुर के आश्रित ग्राम डड़ई निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार उदय मधुकर बिलासपुर में टीजीबी मीडिया समूह द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के मंच से छत्तीसगढ़ ग्रामीण पत्रकारिता रत्न सम्मान से सम्मानित किए गए हैं। इधर सम्मान मिलने के पश्चात मीडिया से अपने जज्बात साझा करते हुए मधुकर ने टीजीबी मीडिया समूह का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सम्मान मुझे और भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरणा देता रहेगा। विदित हो कि छत्तीसगढ़ राज्य की सक्ती जिले के एक छोटे से गांव डड़ई से निकलकर लोगों में बहुजन चेतना की लव जलाने वाले उदय मधुकर एक प्रेरणास्पद पद नाम हैं। जिन्होंने जीवन में सामाजिक असमानताओं जातिगत अन्याय के विरुद्ध इन्होंने हमेशा ही आवाज उठाई है। इसके लिए उन्होंने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों को अपने जीवन का आधार बनाकर कार्य किया है। उदय मधुकर ने बताया की उनके जीवन का उद्देश्य बहुजन समाज के अधिकारों शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देते हुए बहुजन समाज का निर्माण करना है जहां लोगों के दिलों में समतामूलक सोच व्याप्त हो। वर्तमान में उदय मधुकर आईएनएन 24 न्यूज़ के संवाददाता के रूप में कार्य कर रहे हैं। उदय मधुकर को? पूर्व में भी अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं जिनमें भारत रत्न डॉ अम्बेडकर समता सम्मान, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा क्रांति सम्मान, भीम चेतना अवार्ड तथा डॉ अम्बेडकर नेशनल फेलोशिप राष्ट्रीय अवार्ड प्रमुख हैं।

# एक दिवसीय नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## स्वास्थ्य विभाग एवं लाइफकेयर हॉस्पिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में जांजगीर- चांपा पुलिस द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं लाइफकेयर हॉस्पिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला (IPS) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

शिविर में उपस्थितजनों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर आईजी डॉ. संजीव शुक्ला (IPS) ने उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कहा-

उन्होंने पुलिस अधीक्षक जांजगीर विजय कुमार पाण्डेय को इस आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकानाएं देते हुए कहा कि यदि किसी पुलिसकर्मी या उनके परिजन को शिविर के उपरांत उच्च स्तरीय चिकित्सा (हायर सेंटर) की आवश्यकता पड़ती है, तो ऐसे प्रत्येक मामले में विभाग एवं चिकित्सक पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करेंगे। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में जिला पुलिस बल, सशस्त्र बल, नगर सेना, जेल विभाग, शहीद परिवारों, एवं सेवा निवृत्त पुलिसकर्मियों सहित उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वास्थ्य शिविर में 436 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने इस शिविर का प्रत्यक्ष लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा जांच/चेकअप किया गया और आवश्यक दवाएं भी दी गई

आज दिनांक 29.06.25 को पुलिस लाइन जांजगीर में पुलिस कर्मियों एवम उनके परिवारजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर *बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला* ने यह भी कहा कि यदि शिविर में किसी पुलिसकर्मी या उनके परिजन को हायर सेंटर में आगे की चिकित्सा जांच या उपचार की आवश्यकता महसूस होती है, तो ऐसे मामलों में विभाग एवं चिकित्सकों द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस परिवार की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी !

उपरोक्त स्वास्थ्य शिविर में डॉ. यू.सी. शर्मा एम.बी.बी.एस., एम.डी.एम.सी.सी.पी., एफयु., डॉ. रूपेश श्रीवास्तव हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. नरेश देवांगन न्यूरो, ब्रेन, स्पाइन विशेषज्ञ, डॉ. आलोकनाथ मंगलम मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. प्रफुल्ल चौहान अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. हरीश पटेल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. राम कृष्ण कश्यप छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ. मनोज कुमार राठौर नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. शशि कुमार मिश्रा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. सिद्धांत राय यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. आकाश सिंह राणा, सर्जिकल विशेषज्ञ, डॉ. मर्सिलिना किस्पोट्टा, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. कार्तिक बघेल फिजियोथैरेपी द्वारा जांच/चेकअप किया गया।

चिकित्सा शिविर के दौरान पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा श्री विजय कुमार पाण्डेय (ढ्ढक्क्र), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा श्री उमेश कुमार कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्री उदयन बेहार सहित जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण का जन्म विश्व कल्याण के लिए हुआ है: पुरंदर मिश्रा

समवेत शिखर संवाददाता



**रायगढ।** स्थानीय बंजारी माता मंदिर परिसर में शनिवार को जिला उत्कल ब्राह्मण विकास संगठन एवं कल्याण समिति के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित रहे, जिन्होंने कहा कि ÷ब्राह्मण का जन्म केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समूचे विश्व के कल्याण के लिए हुआ है।

÷उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ जगन्नाथ स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के नागरिक, युवा, महिलाएँ एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया ने ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए ?20 लाख की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

विधायक मिश्रा ने अपने संबोधन में ब्राह्मण समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक योगदानों को रेखांकित करते हुए कहा ब्राह्मण समाज वेद, शास्त्र और ज्ञान के प्रचारक रहे हैं। उन्होंने गुरुकुल परंपरा, पूजा-अनुष्ठान और धर्मपरायणता के माध्यम से समाज को मार्गदर्शन दिया।

आज भी ब्राह्मण समाज शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, प्रशासन और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ब्राह्मण समाज की पहचान केवल जाति नहीं, बल्कि एक विचार और सेवा का संस्कार है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 24 लाख ब्राह्मण निवास करते हैं, जो राज्य के सामाजिक ढांचे में एक मजबूत स्तंभ हैं।

समारोह में अनेक गणमान्य अतिथि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप से सुनील पांडा (पूर्व जिला अध्यक्ष),टंकधर त्रिपाठी (विधायक, झारसुगुड़ा) सत्यदेव शर्मा, अरुण पंडा, अभय चरण पंडा, श्याम सुंदर पंडा, टिकेश्वर मिश्रा, दयानंद पंडा आदि उपस्थित थे। विधायक मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को आज संगठित होकर शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने संस्कार, ज्ञान और परंपरा को आत्मसात करते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में भाग लें।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में आमजनों की समस्याओं का किया निराकरण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्राप्त आवेदनों का निराकरण होने पर उसकी सूचना संबंधित व्यक्ति को अवश्य देने को कहा। जनदर्शन में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें मुख्य रूप से शाला में प्रवेश, राजस्व संबंधी मामले, भूमि विवाद, आपदा क्षतिपूर्ति प्राप्ति आदि समस्याओं के निराकरण संबंधित मामले सहित विभिन्न विषयों से संबंधित मांगें शामिल थीं।

# पुलिस ने गौ मांस के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**पत्थलगांव।** मामला इस प्रकार है कि दिनांक 27/06/2025 को थाना पत्थलगांव पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी,कि ग्राम पतरापाली चुरेलझरिया में आरोपी प्रकाश एक्का अपने घर में गौ वंश मांस को भारी मात्रा में रखा है , जिस पर पुलिस के द्वारा सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर थाना पत्थलगांव पुलिस टीम के द्वारा आरोपी प्रकाश एक्का के घर में घेरा बंदी कर, छापामारी की गई , पुलिस को प्रकाश के घर से बोरी में बंधा हुआ,लगभग 10 किलो संदिग्ध मांस मिला, पुलिस के द्वारा संदिग्ध मांस को जप्त कर, पशु चिकित्सक से परीक्षण कराने पर, पशु चिकित्सक द्वारा गौ मांस की पुष्टि करने पर, पुलिस के द्वारा आरोपी प्रकाश एक्का को हिरासत में लिया गया।

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी प्रकाश ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उक्त गौ वंश मांस को वह अपने गांव के ही बिमल कुजूर उर्फ भानू के पास से सुशील कुजूर के साथ खाने के लिये खरीदकर लाया था व अपने घर पर में रखा था।पुलिस के द्वारा आरोपी प्रकाश एक्का की निशानदेही पर मामले संलिप्त एक आरोपी सुनील कुजूर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरा आरोपी विमल कुजूर उर्फ भानु फरार है, जिसकी पुलिस के द्वारा पता साजी की जा रही है, जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उक्त कृत्य के लिए आरोपियों के विरुद्ध थाना पत्थलगांव में छ0ग0 कृषक पशु परिरक्षण अधि -2004 की धारा 4,5,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

मामले की कार्यवाही व आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पाण्डेय, सउनि0 राजनाथ भगत आर. भवानी लाल कहरा, नगर सैनिक दिनेश पैकरा की सराहनीय भूमिका रही।

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि गौ मांस के साथ तीन आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, गौ वंशों से संबंधित अपराध में संलिप्त किसी भी आरोपी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी,ऑपरेशन शंखनाद जारी रहेगा।